

कांग्रेस ने घुसपैठियों को सौंप दिया था काजीरंगा राजग ने बचाया : अमित शाह - 8




पेट्रोरसायन उत्पादों पर आयात शुल्क में छूट, 1800 करोड़ का पड़ेगा बोझ - 8



रामलला के समक्ष नतमस्तक हुए उद्योगपति गौतम अदानी - 3




पंजाब किंग्स के खिलाफ लय हासिल करना चाहेगी सीएसके - 14



आज का मौसम
36.0⁰ अधिकतम तापमान
23.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.58
सूर्यास्त 06.27

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 08:42 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 226, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# बंगाल में न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाना राज्य की विफलता : सुप्रीम कोर्ट

## निष्क्रियता के लिए बंगाल सरकार को फटकारा, सीबीआई या एनआईए से जांच के आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मालदा में सात न्यायिक अधिकारियों का घेराव कर उन्हें बंधक बनाने की गुरुवार को निंदा करते हुए निष्क्रियता को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही सीबीआई या एनआईए से मामले की स्वतंत्र जांच कराए जाने का आदेश दिया। कोर्ट ने तीखी आलोचना करते हुए कहा कि यह घटना राज्य प्रशासन की पूर्ण विफलता को भी उजागर करती है। उसने टिप्पणी की कि बंगाल सबसे अधिक ध्रुवीकरण वाला राज्य है।

कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह राज्य में पर्याप्त केंद्रीय बलों की मांग करे और उन्हें उन सभी स्थानों पर तैनात करे जहां मतदाता सूचियों की एसआईआर प्रक्रिया के तहत न्यायिक अधिकारी आपत्तियों का निपटारा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया जाता है कि वह घटना की जांच/पड़ताल किसी स्वतंत्र एजेंसी यानी सीबीआई या एनआईए को सौंपे। अनुपालन रिपोर्ट दाखिल की जाए। जिस एजेंसी को जांच सौंपी जाएगी, वह सीधे इस न्यायालय में प्रारंभिक रिपोर्ट दाखिल करने के लिए बाध्य होगी। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने राज्य के मुख्य सचिव डीजीपी तथा मालदा के जिलाधिकारी और एसएसपी को कारण बताओ नोटिस जारी कर यह बताने को कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से प्राप्त पत्र की सामग्री के आलोक में उनके खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई क्यों न की जाए।



- राज्य के गृह सचिव, डीजीपी और अन्य अधिकारियों से मांगा जवाब
- बंगाल के शीर्ष अधिकारियों को 6 अप्रैल तक ऑनलाइन पेश होने का निर्देश
- सीजेआई ने कहा- बुधवार रात 2 बजे तक उन्हें खुद स्थिति पर नजर रखनी पड़ी
- मालदा के डीएम-एसपी मौके पर क्यों नहीं गए, ये अदालत को चुनौती जैसा

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के उस पत्र का भी संज्ञान लिया जिसमें उस भयावह रात का ब्योरा दिया गया है जब तीन महिलाओं और पांच साल के एक बच्चे समेत न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे से अधिक समय तक लोगों की भीड़ ने बंधक बनाकर रखा तथा इस दौरान उन्हें भोजन एवं पानी तक नहीं मिला। बंगाल के महाधिवक्ता ने दलील दी कि मामले में निर्वाचन आयोग को विरोधी पक्ष की तरह काम नहीं करना चाहिए। सीजेआई ने कहा, दुर्भाग्य से आपके राज्य में हर व्यक्ति राजनीतिक भाषा बोलता है। आप हमें टिप्पणियां करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। क्या आपको लगता है कि हमें यह नहीं पता कि उपद्रवी कौन हैं? मैं रात दो बजे तक हर चीज पर नजर रख रहा था। बहुत, बहुत दुर्भाग्यपूर्ण।

सीजेआई ने सभी शीर्ष अधिकारियों को उस समय छह अप्रैल को ऑनलाइन पेश होने का निर्देश दिया जब पीठ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर से दायर याचिका समेत विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

### सीजेआई ने कई चौकाने वाले खुलासे किए

मामले की सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश ने चौंकाने वाले घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि अपराह्न साढ़े तीन बजे घेराव शुरू हुआ और उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल ने तत्काल राज्य प्राधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी। उन्होंने कहा कि इसके बाद बार-बार गुहार लगाए जाने के बावजूद रात साढ़े आठ बजे तक राज्य के अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आदेश में कहा गया, बाद में रजिस्ट्रार जनरल ने गृह सचिव और डीजीपी से संपर्क किया, शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया लेकिन अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। न्यायिक अधिकारियों को भोजन और पानी तक उपलब्ध नहीं कराया गया। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को खुद हस्तक्षेप करना पड़ा और उन्होंने गृह सचिव एवं डीजीपी के साथ ग्रुप कॉल के जरिए बात की। गृह सचिव और डीजीपी मुख्य न्यायाधीश के आवास पर पहुंचे और बंधक बनाए गए न्यायिक अधिकारियों को आधी रात के बाद छुड़ाया गया।

### कोर्ट के प्राधिकार को भी चुनौती देने वाला कदम

कोर्ट ने कहा- बुधवार की घटना न केवल न्यायिक अधिकारियों को डराने-धमकाने की सरेआम की गई कोशिश है, बल्कि यह इस न्यायालय के प्राधिकार को भी चुनौती देने के बराबर है। यह कोई सामान्य घटना नहीं है। प्रथम दृष्टया यह न्यायिक अधिकारियों का मनोबल तोड़ने के लिए सुनियोजित तरीके से उठाया गया सोचा-समझा कदम है। पीठ ने यह सुनिश्चित करने के लिए भी कई निर्देश जारी किए कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान न्यायिक अधिकारियों के काम में कोई बाधा न आए और उन्हें यह भरोसा दिलाया जा सके कि उनके जीवन, स्वतंत्रता, संपत्ति और परिवार के सदस्यों की सुरक्षा की जाएगी।

### वाहनों पर पथराव व लाठियों-ईंटों से हुआ हमला

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों को बचाए जाने के बाद भी उनके वाहनों पर पथराव किया गया और उन पर लाठियों तथा ईंटों से हमला किया गया। यह देखकर हमें बेहद निराशा हुई कि मुख्य सचिव से संपर्क नहीं हो सका उन्हें कोई संदेश नहीं पहुंचाया जा सका। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, रात 11 बजे तक आपका जिलाधिकारी वहां नहीं था। मुझे रात में बहुत कड़े मौखिक निर्देश देने पड़े। कुछ वकीलों ने जब इस घटना को सामान्य विरोध प्रदर्शन करार देने की कोशिश की तो प्रधान न्यायाधीश ने कड़ी नाराजगी जताई।

# जल्द काम खत्म करेगी अमेरिकी सेना : ट्रंप
# जमीनी हमला हुआ तो जिंदा नहीं छोड़ेंगे : ईरान

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ईरान में जल्द ही काम खत्म कर देगी क्योंकि मुख्य रणनीतिक उद्देश्य पूरे होने वाले हैं। ट्रंप ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमले करने के करीब एक महीने बाद राष्ट्र के नाम अपने पहले संबोधन में अपने इस कदम का बचाव किया। अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर 28 फरवरी, 2026 को पहली बार हमला किया था जिसके बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई की और पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू हो गया।

वहीं, ईरान ने संभावित जमीनी अभियान को लेकर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमेरिकी सेना ने जमीनी हमला करने की कोशिश की तो कोई भी जीवित नहीं बचेगा। ईरान की सेना ने अमेरिकी जमीनी हमले की आशंका के मद्देनजर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। ट्रंप ने ईरान के खिलाफ हमलों के संदर्भ में कहा, अगले दो से तीन सप्ताह में हम उन पर बेहद कड़ा प्रहार करेंगे। हम उन्हें पाषाण युग में भेज देंगे, जहां उन्हें वास्तव में होना चाहिए। ट्रंप ने लगभग 20 मिनट के इस संबोधन में हाल के हफ्तों में कही गई अपनी कई बातों को दोहराया। ईरान पर अमेरिका के कड़े हमले जारी रखने संबंधी ट्रंप की टिप्पणियों के बाद तेल की कीमतों में चार प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई और एशियाई शेयर बाजार गिर गए। ट्रंप ने कहा, प्रथम विश्व युद्ध एक साल, सात महीने और पांच दिन चला था। द्वितीय विश्व युद्ध तीन साल, आठ महीने और 25 दिन तक जारी रहा था। उन्होंने कहा कि तुलनात्मक रूप से ईरान में कार्रवाई 32 दिन तक चली है, और यह इतनी शक्तिशाली, इतनी शानदार रही है कि सबसे शक्तिशाली देशों में शामिल देश अब वास्तव में कोई खतरा नहीं है। ट्रंप ने कहा, पिछले सप्ताह सशस्त्र सैन्य बलों ने युद्धक्षेत्र में कई तेज, निर्णायक और जबरदस्त जीत हासिल की हैं। बी-2 बमवर्षक विमानों से जिन परमाणु ठिकानों को हमने ध्वस्त किया है।



- युद्ध के बीच अपने पहले संबोधन में बोले- मुख्य रणनीतिक लक्ष्य पूरे होने के करीब
- कहा- समझौता नहीं हुआ तो दो से तीन सप्ताह में बेहद कड़ा प्रहार करेंगे, पाषाण युग में भेज देंगे

### ईरान बोला- इजराइल अमेरिका पर हमारी नजर

**तेहरान।** ईरान के सशस्त्र बलों के प्रमुख आमिर हतामी ने सैन्य मुख्यालयों को अमेरिका और इजराइल की गतिविधियों पर पल-पल नजर रखने के निर्देश दिए हैं। हतामी ने कहा कि यदि दुश्मन जमीनी कार्रवाई करता है तो एक भी व्यक्ति को जीवित नहीं बचेगा। यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति ने ईरान के खिलाफ तीन सप्ताह तक चलने वाले तीव्र सैन्य अभियान की घोषणा की है। वहीं विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका से संदेश मिलने के बावजूद बातचीत को लेकर भरोसा शून्य बना हुआ है।

### ईरान ने इजराइल व खाड़ी देशों पर किए मिसाइल हमले



**दुबई।** ईरान ने गुरवार को इजराइल और खाड़ी के अरब देशों पर और मिसाइलें दागकर यह संकेत दिया कि वह फिलहाल हमले नहीं रोकेगा जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान से खतरा लगभग खत्म हो चुका है और युद्ध जल्द खत्म हो जाएगा। पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों और होर्मुज पर उसके नियंत्रण से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई है, जिसका असर पश्चिम एशिया के साथ-साथ दुनियाभर में देखा जा रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### रुपया 152 पैसे की तेजी के साथ 93.18 रुपये प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में गुरुवार को रुपया 152 पैसे की जबरदस्त तेजी के साथ 93.18 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। मुद्रा बाजार में दो दिन के अवकाश के बाद गुरुवार को कारोबार शुरू हुआ। इन दो दिनों के वैश्विक कारकों का असर भारतीय मुद्रा पर साफ दिखा। इसकी शुरुआत की सात पैसे की बढ़त में 94.63 रुपये प्रति डॉलर पर हुई, और खुलते ही यह 93.50 रुपये प्रति डॉलर के करीब पहुंच गया। एक समय यह 92.82 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ था। अंत में 93.18 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी दिवस पर रुपया 15.25 पैसे की बढ़त में 94.70 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

### हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, 10 सेल्फ लोडिंग हथियार बरामद

**पटियाला।** पटियाला पुलिस ने गुरुवार को एक अंतर-राज्यीय अवैध हथियार आपूर्ति मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 अत्याधुनिक सेल्फ-लोडिंग हथियार बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में सौरभ कुमार निवासी गाँव जरंग डीह, मुजफ्फरपुर, बिहार मुख्य सरगना था।

# लोकसेवकों को नागरिक प्रथम मंत्र अपनाने की जरूरत : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को नागरिकों के जीवन को सुगम बनाने के लिए तेजी से बदलते समय के साथ शासन व्यवस्था को लगातार अद्यतन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज देश के प्रशासन का मूल मंत्र 'नागरिक देवो भवः' है और सार्वजनिक सेवा को नागरिकों की जरूरतों के प्रति अधिक सक्षम और संवेदनशील बनाने के लिए पुनर्गठित किया जा रहा है। मोदी ने 'साधना सप्ताह' कार्यक्रम की शुरुआत पर एक वीडियो संदेश में कहा, शासन को अब सही मायने में नागरिक-केंद्रित बनाकर एक नई पहचान दी जा रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नागरिकों के जीवन की सुगमता और गुणवत्ता में सुधार के लिए शासन व्यवस्था ही मानदंड होनी चाहिए और उन्होंने लोक सेवकों से प्रतिदिन कुछ नया सीखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हमारी शासन व्यवस्था यह सुनिश्चित करे कि नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में दिन-प्रतिदिन सुधार हो। यही हमारा सच्चा मानदंड है। प्रशासनिक संस्कृति में बुनियादी बदलाव की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पुरानी व्यवस्था में अधिकारी होने पर अत्यधिक जोर दिया जाता था, जबकि आज देश का ध्यान पूरी तरह कर्तव्य भावना पर केंद्रित है।

उन्होंने लोकसेवकों को संबोधित करते हुए कहा, हर निर्णय से पहले यदि आप यह सोचें कि आपका कर्तव्य क्या मांगता है, तो आपके निर्णयों का प्रभाव खुद कई गुना बढ़ जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्थाओं के बीच भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और उसे अपनी शासन प्रणाली को लगातार अद्यतन करते रहना होगा।



- कहा-तेजी से बदलते समय के साथ शासन व्यवस्था को लगातार विचार करने की जरूरत
- 'साधना सप्ताह' कार्यक्रम की शुरुआत पर एक वीडियो संदेश में दी जानकारी

### बेहतर प्रशासक और लोकसेवक वही होगा जो तकनीक और डेटा की गहरी समझ रखता हो

मोदी ने कहा, एक बेहतर प्रशासक और बेहतर लोकसेवक वही होगा, जो तकनीक और डेटा की गहरी समझ रखता हो, यही निर्णय लेने की प्रक्रिया का आधार बनेगा। साधना (राष्ट्रीय उन्नति के लिए अनुकूल विकास और मानवीय योग्यता को मजबूत करना) सप्ताह का आयोजन क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) द्वारा दो से आठ अप्रैल तक किया जा रहा है। यह सप्ताह भारत के सिविल सेवा तंत्र में सबसे बड़े सहयोगी क्षमता निर्माण प्रयासों में से एक है। आयोग की स्थापना की पृष्ठभूमि पर विचार करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से कई संस्थान अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रहे थे, लेकिन प्रत्येक सरकारी कर्मचारी की क्षमता बढ़ाने के लिए एक समर्पित संस्था की स्पष्ट आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसी सोच ने क्षमता विकास आयोग को जन्म दिया, जो व्यवस्था में प्रत्येक 'कर्मयोगी' को सशक्त बनाने पर केंद्रित है।

# होर्मुज संकट पर 35 देश करेंगे बैठक, भारत होगा शामिल

- ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली समेत 35 देशों ने किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली/ लंदन, एजेंसी

ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमलों के बाद बंद किए गए महत्वपूर्ण जहाज मार्ग होर्मुज जलडमरुमध्य को खुलवाने के लिए कूटनीतिक व राजनीतिक दबाव बनाने को लेकर गुरुवार को 35 से अधिक देशों की बैठक करेंगे। ब्रिटेन ने भारत को बातचीत में शामिल का निमंत्रण भेजा है। भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि बैठक में भारत शामिल होगा। इस बैठक में हिस्सा लेने वाले देशों में अमेरिका शामिल नहीं है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के यह स्पष्ट करने के बाद यह बैठक होगी कि जलमार्ग खुलवाना अमेरिका का काम नहीं है। ट्रंप ने अमेरिका के यूरोपीय सहयोगियों की भी आलोचना करते हुए कहा है कि उन्होंने युद्ध का समर्थन नहीं किया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने कहा कि विदेश मंत्री यवेट कूपर की अध्यक्षता में डिजिटल माध्यम से आयोजित होने वाली इस बैठक में हम सभी संभव कूटनीतिक और राजनीतिक उपायों का मूल्यांकन करेंगे ताकि आवागमन की स्वतंत्रता बहाल हो सके, फंसे हुए जहाजों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और महत्वपूर्ण वस्तुओं के परिवहन को फिर से शुरू किया जा सके। इस बीच, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा, जापान और यूएई समेत कुल 35 देशों ने एक साझा बयान पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें उन्होंने ईरान से होर्मुज जलडमरुमध्य को अवरुद्ध करने के प्रयास बंद करने का अनुरोध किया है।



ब्रिटेन में होर्मुज खोलने के तरीकों पर चर्चा करते अधिकारी।

### होर्मुज को फिर से खोलने का सैन्य विकल्प अवास्तविक : मैक्रों

**सियोल।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि उनका मानना है कि सैन्य अभियान के जरिए होर्मुज को फिर से खोलना अवास्तविक है। मैक्रों ने दक्षिण कोरिया में पत्रकारों से कहा, कुछ लोग सैन्य अभियान के जरिए बलपूर्वक होर्मुज को फिर से खोलने की वकालत करते हैं। अमेरिका ने कई बार यह रुख जाहिर किया है। सैन्य अभियान में बहुत समय लगेगा और हर एक को ईरानी खतरों का सामना करना पड़ेगा, जिनके पास बैलिस्टिक मिसाइलें और कई अन्य हथियार मौजूद हैं।

### एक्सप्रेस-वे की टोल दरों में बढ़ोतरी

**लखनऊ।** उप्र में 1 अप्रैल से एक्सप्रेस-वे पर सफर महंगा हो गया है। प्राधिकरण ने टोल दरों में बढ़ोतरी की जानकारी दी है। नई दरों के अनुसार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर दोपहिया, तीनपहिया और पंजीकृत ट्रैक्टर के टोल में 5 रुपये की वृद्धि की गई है। वहीं कार और जीप के लिए 10 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी भारी वाहनों पर हुई है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सात चक्के वाले बड़े वाहनों के टोल में 85 रुपये तक की वृद्धि की गई है। पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बस-ट्रक के टोल में 15 रुपये और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर पांच रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

## कोयला घोटाला : आई-पैक के अधिकारियों व विजय नायर के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

- आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व संचार प्रभारी हैं विजय नायर

**नई दिल्ली।** ईडी ने बंगाल में कोयला घोटाला मामले में राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के एक अधिकारी, आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर गुरुवार को नए सिरे से छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि ये छापेमारी पीएमएलए के तहत बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि बेंगलुरु में आई-पैक के सह-संस्थापक और निदेशक ऋषि राज सिंह का परिसर और मुंबई में नायर का परिसर भी इसके दायरे में आते हैं। संघीय जांच एजेंसी ने जनवरी में इस मामले में आई-पैक कार्यालय और इसके संस्थापक एवं निदेशकों में से एक प्रतीक जैन के कोलकाता स्थित आवास पर छापेमारी की थी।

# प्रदेश में छात्रवृत्ति से वंचित छात्रों को दूसरा मौका, फिर खुलेगा पोर्टल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2025-26 सत्र के छूटे छात्रों को दोबारा आवेदन का अवसर
- सामान्य, एससी-एसटी व ट्रांसजेंडर छात्रों को मिलेगा लाभ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने छात्र-छात्राओं के हित में बड़ा फैसला लेते हुए छात्रवृत्ति से वंचित रह गए विद्यार्थियों को दूसरा मौका देने का निर्णय लिया है। योगी के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग जल्द ही शैक्षिक सत्र 2025-26 की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के लिए पोर्टल दोबारा खोलेगा।

इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र छात्र तकनीकी या अन्य कारणों से योजना के लाभ से वंचित न रह जाए। योजना का लाभ सामान्य वर्ग, एससी, एसटी के साथ-साथ ट्रांसजेंडर समुदाय के विद्यार्थियों को भी मिलेगा। समाज कल्याण विभाग के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी पोर्टल दोबारा खोला गया था। इस दौरान 53,041 छात्रों को 81.12 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति प्रदान की गई। इनमें 25,395 एससी छात्रों को 30.65 करोड़ रुपये और 27,646 सामान्य वर्ग के छात्रों को 50.47 करोड़ रुपये की सहायता दी गई थी।

### हर छात्र तक पहुंचे लाभ, सरकार का लक्ष्य

समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसी भी छात्र को आर्थिक कारणों से पढ़ाई बीच में न छोड़नी पड़े, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह पहल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी विकास को बढ़ावा देगी, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी मददगार साबित होगी। इससे हजारों छात्रों को अपनी पढ़ाई जारी रखने का नया अवसर मिलेगा।

## जनता दर्शन

मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में लोगों की सुनीं समस्याएं, संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

# जरूरतमंद को आवास व बीमार के इलाज की होगी व्यवस्था : योगी

- समस्या के समयबद्ध व संतुष्टिपरक निस्तारण के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंदों को आवास और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिया।

जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से सीधे संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने उनके प्रार्थना पत्र लिए और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस से जुड़े मामलों में सख्त और त्वरित कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। एक महिला द्वारा आवास की समस्या रखने पर मुख्यमंत्री ने उसे सरकारी योजना के तहत आवास दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं इलाज के लिए सहायता मांगने वालों से कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जरूरतमंदों के इलाज का इस्टीमेट शीघ्र तैयार कर सहायता उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट देकर उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित भी किया।



गोरखनाथ मंदिर में लोगों से मुलाकात कर समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी।

### सिंगापुर के उच्चायुक्त ने योगी से की शिष्टाचार भेंट

**लखनऊ।** सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश और सिंगापुर के मध्य निवेश, कौशल विकास, आधारभूत संरचना तथा सांस्कृतिक सहयोग को और सुदृढ़ करने पर चर्चा हुई। वोंग ने फरवरी में मुख्यमंत्री की सिंगापुर यात्रा को सफल बताते हुए कहा कि उनकी यात्रा ने सकारात्मक संदेश दिया है।

अमृत विचार

अयोध्या, शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026 | अयोध्या

## न्यूज ब्रीफ

### नव प्रवेशित बच्चों का उपहार देकर हुआ स्वागत

**अयोध्या, अमृत विचार :** बीकापुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय नुवावा बैदरा में सत्र के प्रथम दिन नव प्रवेशित 16 नौनिहालों का उपहार देकर स्वागत किया गया। महिला शिक्षकों द्वारा बच्चों की आरती भी उतारी गई। वार्षिकोत्सव और परीक्षा फल वितरण भी किया गया। प्रधानाध्यापक विनय पांडेय ने कक्षा पांच की छात्रा खुशी के नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयन पर छात्रा और माता-पिता को भी सम्मानित किया। इस मौके पर सहायक अध्यापक नरेंद्र बहादुर सिंह, शिशिर श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान राम जियावन, प्रबंध समिति अध्यक्ष देवी प्रसाद, राम धीरज आदि मौजूद रहे।

### शिक्षकों ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जनपद अयोध्या के जिला अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने बीएसए लालचंद को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें भीषण गर्मी में विद्यालय समय परिवर्तन एवं कोविड काल में लागू टाइम एंड मोशन व्यवस्था को समाप्त करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष बीकापुर प्रियकांत पांडे, दंगल सिंह, गुलाब चंद्र, जयंती, शिखा आदि मौजूद रहे।

### मनमोहक प्रस्तुतियों से मोहा मन

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार।** क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय अकवारा में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। शुभारंभ प्रधान प्रतिनिधि राजेश कुमार मौर्य और प्रधानाध्यापिका उषा मिश्रा ने मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण करके किया। प्रधान प्रतिनिधि ने कहा कि शिक्षा, संस्कार व अनुशासन सिखाती है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। सहायक अध्यापक रामगोपाल मौर्य ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। संचालन अध्यापिका सुरभि पांडेय और शशि किरन पांडेय ने किया। इस दौरान अध्यापक अनिल सिंह, नलिनी पांडेय, कांति लता वर्मा, कविता चौरसिया, ममता वर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

### शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता : डॉ. संजय

**अयोध्या।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में गुरुवार को सेवानिवृत्त शिक्षिका कृष्णावती यादव को भावपूर्ण विदाई दी गई। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता है। शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तक का ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि वह जीवन जीने की कला भी सिखाता है। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ मिल्कीपुर के अध्यक्ष मुकेश प्रताप सिंह, शिक्षक विजय सिंह, अरविंद पांडेय ,आलोक, शैलेंद्र शर्मा,अभिषेक आदि मौजूद रहे।

### पोस्टपेड कनेक्शन को प्रीपेड में बदलने का विरोध, सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या, अमृत विचार।** जिले में पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जाने एवं पोस्टपेड कनेक्शन को बिना सहमति प्रीपेड में परिवर्तित किए जाने का कांग्रेस ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। मुख्य अभियंता, पॉवर कॉर्पोरेशन ब्रजेश कुमार को गुरुवार को ज्ञापन सौंपकर जनहित में आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि उपभोक्ताओं की अनुमति के बिना स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जो पूर्णतः अनुचित है। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह व पीसीसी सदस्य राम अवध पासी ने कहा कि उपभोक्ताओं को डिजिटल भुगतान का ज्ञान नहीं है, उन्हें बिल जमा करने में कठिनाई हो रही है। ज्ञापन देने वालों में शीतला पाठक, उग्रसेन मिश्रा, जनार्दन मिश्रा, फ्लावर नकवी समेत अन्य मौजूद रहे।

### अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्य का निधन

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद अयोध्या धाम के सक्रिय सदस्य और कर्मठ भारतीय सेना के पूर्व सैनिक नायक संत कुमार पांडे पुत्र श्याम नारायण पांडे ग्राम इटौरा पोस्ट इटोरा का गुरुवार को इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में निधन हो गया। वह लगभग 72 वर्ष के थे। अपने पीछे उन्होंने अपना भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार सरयू घाट पर किया गया। मुखाग्नि पुत्र रोहित कुमार पांडे ने दी। अंतिम संस्कार के समय अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संरक्षक कैप्टन जेपी द्विवेदी, सहसचिव कैप्टन बीके सिंह, कैप्टन धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, नायक सूबेदार सहसचिव सिद्धनाथ शर्मा, उपाध्यक्ष कपिल देव सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# दो घंटे में ज्वेलर्स व एक घर में लूट की घटना से हड़कंप

**पहली घटना पुराना बाजार के सर्राफा बाजार में तो दूसरी घटना मोहल्ला मलिकजादा स्थित एक घर में हुई**

रुदौली, अयोध्या।

**अमृत विचार :** रुदौली में दो घंटे के अंतराल पर हुई लूट की दो वारदातों से हड़कंप मच गया। दोनों घटनाएं एक ही चौकी क्षेत्र में हुई। पहली घटना गुरुवार दोपहर मोहल्ला पुराना बाजार के सराफा बाजार में महेश ज्वेलर्स की दुकान पर हुई, जहां नकाबपोश महिला ने तमंचे के बल पर करीब 26 ग्राम सोने के जेवरात लूट लिये। इसके करीब दो घंटे बाद नकाबपोश बदमाशों ने मोहल्ला मलिकजादा में एक घर में घुसकर करीब छह लाख के जेवरात लूट लिए। दोनों घटनाओं में पुरुष के साथ महिला बदमाशों के भी शामिल होने की बात सामने आई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से बदमाशों की तलाश कर रही है। दोनों वारदातों में एक ही गिरोह के महिला व पुरुष बदमाशों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

शहर के मोहल्ला पुराना बाजार के सराफा बाजार में स्थित महेश ज्वेलर्स की दुकान में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे नकाबपोश महिला बदमाश ने महेश सोनी से गले का हार,सोने की चेन दिखाने के लिए कहा। इसके बाद उसने बैग से तमंचा निकाला व दुकानदार व कर्मचारियों को डरा धमकाकर काउंटर में रखे करीब 26 ग्राम सोने के हार व चेन लेकर फरार हो गई। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस पहली घटना की जांच कर ही रही थी कि तभी लूट की दूसरी घटना की सूचना ने उनके होश उड़ा दिए। नगर पालिका रुदौली के वार्ड महात्मा गांधी के सभासद मोहम्मद शाहिद गुरुवार को बाहर गए थे। दोपहर बेटा दोपहर घर से भोजन कर बाहर से दरवाजा बंद कर दुकान गया था। बहू घर में सो रही थी। बदमाश बाहर से लगी कुंडी खोलकर घर में घुस गए और बेड के नीचे रखे जेवर तलाशने लगे। खटपट की आवाज सुनकर बहू की नींद खुल गई। जब वह बाहर आई और किसी को फोन करने की कोशिश की, तभी पीछे से बदमाशों ने उसके सिर पर किसी भारी वस्तु से वार कर दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। होश में आने पर बहू ने हिम्मत दिखाते हुए बाहर निकलकर बदमाशों को कमरे में बंद कर बाहर से कुंडी लगा दी। इसके बाद वह पास की एक दुकान पर पहुंची और शोर मचाया। जब तक आसपास के लोग मौके पर पहुंचते, तब तक बदमाश करीब छह लाख रुपये कीमत के सोने के जेवर लेकर छत के रास्ते कूदकर फरार हो चुके थे।



रुदौली के ज्वेलर्स की दुकान में तमंचे के बल पर लूटपाट करती नकाबपोश महिला सीसीटीवी में कैद।

> नकाबपोश बदमाशों ने लूट की दो वारदातें की हैं। ज्वेलर्स की दुकान में हुई लूटपाट में एक महिला नकाबपोश दिख रही है, उसके हुलिए के आधार पर पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। दोनों घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। बदमाशों को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई है। - **संजय मौर्या, कोतवाल रुदौली।**



लूट की घटना के बाद सभासद के घर से सामने लगी भीड़ व मौजूद पुलिस।

## चोरी की पांच बाइक समेत दो आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली अयोध्या पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में सक्रिय वाहन चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास चोरी की पांच बाइकें बरामद की है। आरोपियों में एक बाल अपचारी भी है। कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि दर्शननगर स्थित मेडिकल कॉलेज में कई दिनों से बाइक चोरी होने की घटनाएं हो रही थी। चोरों को पकड़ने के लिए मेडिकल कॉलेज चौकी प्रभारी नीरज चौरसिया व दर्शननगर चौकी प्रभारी बृजभूषण पाठक के नेतृत्व में टीम बनाई गई थी। टीम ने एक सूचना के आधार पर बुधवार रात गौतम बुद्ध महाविद्यालय तिराहा, तिहुरा माझा से दो आरोपियों को चोरी की एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान शिवम वर्मा निवासी सविकापुर मजरा महवारी थाना इब्राहिमपुर अम्बेडकरनगर व एक बाल अपचारी के रूप में हुई। इनकी निशानदेही पर चार और बाइक बरामद की गईं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने सभी बाइक मेडिकल कॉलेज से चोरी की थी। कोतवाल के अनुसार चोरी हुई बाइकों के संबंध में कोतवाली अयोध्या में मुकदमा भी दर्ज है। आरोपियों का चालान कर दिया गया है।



हनुमानगढ़ी पर दर्शन पूजन के लिए लगी भीड़। अमृत विचार

## हनुमान जन्मोत्सव पर दर्शन करने उमड़े श्रद्धालु

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राम नगरी में चैत्र शुक्ल पूर्णिमा और हनुमान जयंती का पर्व गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। सुबह पांच बजे से ही बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंचे श्रद्धालुओं ने पावन सलिला सरयू नदी में स्नान कर हनुमान गढ़ी और राम मंदिर में दर्शन पूजन किया। कालेराम मंदिर, जानकी महल ट्रस्ट सहित अन्य मंदिरों में संगीतमयी सुंदरकांड पाठ के साथ अनुष्ठान संपन्न किया गया। कालेराम मंदिर के पुजारी गोपाल देश पाण्डेय ने बताया कि आज चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के सूर्योदय के समय हनुमान का जन्मोत्सव मनाने की परम्परा है। सरयू तट स्थित कालेराम मंदिर में उत्सव के साथ जयंती मनाई गई। ब्रहममुहूर्त में दक्षिण मुखी हनुमान जी का अभिषेक व आरती कर हनुमानकथा सुनाई गई। उन्होंने बताया कि दक्षिण मुखी हनुमान का दर्शन बहुत ही दुर्लभ है। कालेराम में स्थित हनुमान की मूर्ति देवी स्वरूप हनुमान है।

# 20 बम फेंके, फायरिंग भी हुई किसी को खरोंच तक नहीं आई

**● पुलिसिया कहानी अदालत में फुस्स, गैंगस्टर के 12 आरोपी दोष मुक्त**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** 20 बम फेंके, फायरिंग भी हुई किसी को खरोंच तक नहीं आई। घटना जिले में चौक की दिनदहाड़े बताई गई। जिस मुकदमे में आरोपी को पुलिस गिरफ्तार करने गई उसमें वह खुद फाइनल रिपोर्ट लगा चुकी थी। आरोपियों ने एक बम स्कूटर पर भी फेंका पूरा स्कूटर क्षतिग्रस्त हो गया लेकिन पुलिस ने पूरी विवेचना में स्कूटर किसका था यह नहीं बता पाई व स्कूटर को कब्जे में भी नहीं लिया। मौके से बरामद ईट-पत्थर के टुकड़े और बम के टुकड़े अदालत में पेश नहीं किए गए। यही नहीं गैंग चार्ट का अनुमोदन करने वाले जिलाधिकारी को पुलिस ने गवाह ही नहीं बनाया। परिणाम रहा कि कोर्ट ने 12 गैंगस्टर के आरोपियों को बरी कर दिया।

फैसला विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर जज प्रतिभा नारायण की अदालत से गुरुवार को हुआ। फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता सईद खान ने बताया कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 21 नवंबर 2001 की दोपहर कोतवाली नगर की पुलिस लूट के आरोपी परवेज को गिरफ्तार करने उसकी चौक स्थित दुकान पर गई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया तो उसके 20-25 साथी जो चौक के व्यापारी ही थे, ने पुलिस वालों को घेर लिया। पुलिस वालों पर 20 बम फेंके 17 राउंड फायरिंग की और परवेज को छुड़ा ले गए। पुलिस ने इस घटना की रिपोर्ट मोहम्मद शरीफ, मोहम्मद सईद, फैसल, गुड्डू उर्फ अयाज, तौहीद, करीम ,रफीक, नाटे, पप्पू कुंजडा, परवेज, जावेद के खिलाफ नामजद तथा 20-25 अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमले में दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने इस मामले को सनसनीखेज बताते हुए सभी आरोपियों पर गिरोह बंद अधिनियम के तहत कार्रवाई भी की। अदालत में गवाही के दौरान पता चला कि जिस मुकदमे में पुलिस परवेज को गिरफ्तार करने गई थी, उसमें कुछ दिन पहले ही क्लोजर रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई थी। यह पूरी कहानी इसलिए बनाई गई कि अब्दुल खालिद को सिपाही संजय दुबे ने अवैध वसूली के चक्कर में पीटा था, जिससे उसकी मौत हो गई। सिपाही के खिलाफ कार्रवाई के लिए व्यापारी धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। इस कहानी को छिपाने के लिए पुलिस ने दूसरी कहानी बना तो दी लेकिन उसे अदालत में साबित नहीं कर पाई। इसके चलते कोर्ट ने 12 गैंगस्टर के आरोपियों को बरी कर दिया।

# भाजपा नेता दिलीप तीन अन्य साथियों के साथ हुए बरी

**अयोध्या, अमृत विचार:** वर्ष 2021 में राजनीतिक रंजिश को लेकर मया के पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार वर्मा पर फायरिंग कर जान से मारने की धमकी देने एवं जबरदस्ती अपनी गाड़ी में लादकर ले जाने के प्रयास के बहुचर्चित मामले में भाजपा नेता दिलीप वर्मा अपने अन्य तीन साथियों के साथ बरी हो गए। यह फैसला तृतीय न्यायिक मजिस्ट्रेट आशुतोष सिंह ने भाजपा नेता समेत तीन आरोपियों सत्य प्रकाश वर्मा, अरविंद वर्मा, राकेश यादव पर अपराध साबित न होने पर गुरुवार को सुनाया।

यह घटना जनपद के गोसाईगंज थाना के मया बाजार की है। तर्क दिया कि सभी निर्दोष हैं। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 20 अप्रैल 2021 की रात्रि गोसाईगंज के दहीरपुर गांव निवासी जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार वर्मा गांव के बाहर बैठे थे। तभी दो काली सफारी व एक सफेद रंग की कार से दिलीप वर्मा, सत्य प्रकाश वर्मा, अरविंद वर्मा, राकेश यादव व पांच अन्य लोग उसके पास आये। राजनीतिक रंजिश के कारण उन लोगों ने जिप. सदस्य के ऊपर फायर कर दिया। इसके बाद उन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए जबरदस्ती गाड़ी में लादकर महबूबगंज की तरफ ले गये। इसी बीच किसी तरह वह गाड़ी से कूदकर भाग गया। घटना की रिपोर्ट थाना गोसाईगंज में सुनील वर्मा की तहरीर पर दिलीप वर्मा समेत चार हमलावरों के विरुद्ध दर्ज हुई थी। विवेचना के बाद चारों के विरुद्ध विवेचक ने आरोप पत्र संबंधित कोर्ट में प्रस्तुत किया।

## विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**अयोध्या, अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय कुढ़ासादात में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत राम ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वार्षिकोत्सव जैसे कार्यक्रम विद्यालयों में जन-सहभागिता बढ़ाने का सशक्त माध्यम हैं। इस दौरान सत्र 2025-26 में कक्षा एक से आठ तक प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संचालन शिक्षक नेता रामकृष्ण गुप्ता ने किया, आभार ज्ञापन कंपोजिट विद्यालय कुढ़ा सादात की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका कीर्ति मिश्रा ने दिया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष गायत्री गुप्ता, ऋषिकेश यादव, सरिता मौर्या, प्रज्ञा शुक्ला, रीना देवी आदि मौजूद रहे।

# मिड-डे-मील घपले में फंसे अनुदानित मदरसे

**जांच के आदेश**

**● जिले में संचालित 46 अनुदानित मदरसों की भी होगी जांच, फर्जी छात्र संख्या के आधार पर गड़बड़ी का मामला**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** बलरामपुर जिले में अनुदानित मदरसों में मिड-डे-मील संचालन में घपले के बाद शासन ने अब सभी राज्य अनुदानित मदरसों में जांच के आदेश दिए हैं। इसे लेकर जिले में वर्तमान में संचालित 46 अनुदानित मदरसे भी जांच के दायरे में आ गए हैं। हालांकि अभी तक जिले में ऐसा कोई मामला नहीं सामने आया है लेकिन सतर्कता की दृष्टि से यहां भी जांच होगी। बेसिक शिक्षा विभाग को समिति बनाने के लिए निर्देशित किया गया है।

राज्य अनुदानित मदरसों में मिड-डे मील योजना में बड़े पैमाने पर घोटाले की शिकायतों पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। मध्याह्न भोजन योजना प्राधिकरण की निदेशक मोनिका रानी ने सभी जिला अधिकारियों को पत्र भेजकर राज्य अनुदानित मदरसों की जांच के आदेश जारी किए हैं। शिकायत के अनुसार, कई मदरसों में फर्जी छात्र संख्या दिखाकर मध्याह्न भोजन योजना की धनराशि में गड़बड़झाला किया गया।

अखिल भारतीय पसमांदा समाज मंच की शिकायत पर यह एक्शन लिया गया है। प्राधिकरण ने जांच की जिम्मेदारी बेसिक शिक्षा विभाग को सौंप दी है।जिला स्तर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी जांच समिति गठित करेंगे। समिति छात्र उपस्थिति रजिस्टर, भोजन वितरण रिकॉर्ड, फंड उपयोग और अन्य दस्तावेजों की जांच करेगी। बलरामपुर जैसे जिलों में पहले भी ऐसे घोटाले सामने आए थे, जहां फर्जी बिलिंग से करोड़ों रुपये का गबन हुआ था।

विभाग का कहना है कि बच्चों के पौष्टिक भोजन के अधिकार से कोई समझौता नहीं होगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह कदम योजना के पारदर्शी क्रियान्वयन और गरीब अल्पसंख्यक छात्रों के हितों की रक्षा के लिए उठाया गया है।

> मध्यान्ह भोजन योजना प्राधिकरण की ओर से पत्र आया है। अभी समिति गठित के लिए जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद ही जांच शुरू होगी। यदि यहां कोई मामला पाया जाता है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। **-लालचंद,बीएसए।**

# कैंसर पहचान, रोकथाम व आधुनिक उपचार पर किया मंथन

**● सिनर्जी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड कैंसर इंस्टीट्यूट द्वारा आईएमए अयोध्या के साथ सीएमई का आयोजन**

**● आईएमए के अध्यक्ष और सचिव ने ली शपथ**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** रामनगरी के चिकित्सकों ने कैंसर की शीघ्र पहचान कैसे की जाए और कैंसर की रोकथाम एवं आधुनिक उपचार पद्धतियों के महत्व पर बुधवार रात एक होटल के सभागार में गहन मंथन किया। साथ ही, जन-जागरूकता बढ़ाने और समय पर उपचार सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

मौका था सिनर्जी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड कैंसर इंस्टीट्यूट द्वारा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अयोध्या के सहयोग से आयोजित संगोष्ठी का। इस सीएमई का मुख्य विषय "व्यापक कैंसर देखभाल" था। जिसमें कैंसर उपचार की आधुनिक तकनीकों, विशेष रूप से एडवांस रेडिएशन टेक्नोलॉजी तथा कैंसर से बचाव के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सईदा रिजवी ने आईएमए अयोध्या के अध्यक्ष डॉ. आशीष श्रीवास्तव और सचिव डॉ. निशांक सक्सेना को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजनों को चिकित्सा क्षेत्र के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की।

सिनर्जी हॉस्पिटल की ओर से डॉ. आलोक तिवारी (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट एवं चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर), डॉ. सौरभ मिश्रा (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट एवं डायरेक्टर) डॉ. अंजलि जैन (गाइनी ऑन्कोलॉजिस्ट एवं एडमिन डायरेक्टर) तथा डॉक्टर सीपी अवस्थी (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट) ने कैंसर के समग्र उपचार, नई तकनीकों और रोगियों के बेहतर परिणामों पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर डॉ. विनीता सिंह, डॉ. तारिक अनवर, डॉ. विशाल, डॉ. अर्पित आदि मौजूद रहे।



आईएमए अयोध्या के शपथ ग्रहण समारोह व संगोष्ठी में मौजूद चिकित्सक। अमृत विचार

# हलकारा का पुरवा के पास बनकर तैयार हुआ फ्लाईओवर

**● 181.03 करोड़ रुपये से तैयार फ्लाईओवर का जल्द होगा संचालन**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में राम भक्तों और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक और महत्वपूर्ण विकास कार्य पूरा कर लिया गया है। उप्र राज्य सेतु निगम लिमिटेड द्वारा 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर हलकारा का पुरवा रेलवे स्टेशन संख्या-108 एसी के पास 181.03 करोड़ रुपये की लागत से दो लेन रेल उपरगामी सेतु (फ्लाईओवर) का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। यह फ्लाईओवर 982 मीटर लंबा है। इसके निर्माण से परिक्रमा मार्ग पर आवागमन अधिक सुगम हो जाएगा।

फ्लाईओवर की दो लेन को एक हफ्ते में यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। शेष दो लेन का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है और अगले एक महीने के अंदर यह भी पूरा कर लिया जाएगा। इसके संचालन के बाद रेलवे लाइन को पार करते समय होने वाले जाम की समस्या इस फ्लाईओवर के कारण पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। सेतु निगम के उप प्रबंधक रोहित अग्रवाल ने बताया कि फ्लाईओवर का निर्माण उच्च गुणवत्ता वाले मटेरियल से किया गया है। जल्द ही चार लेन के साथ यह फ्लाईओवर अयोध्या के यातायात को नई दिशा देगा।



हलकारा का पुरवा के पास बना फ्लाईओवर। अमृत विचार

# 1600 परीक्षार्थी देंगे सीईटी प्रवेश परीक्षा-2024

**● अवध विश्वविद्यालय ने शुरू किया प्री-पीएचडी कॉमन इंट्रेस टेस्ट**

**● 10 अप्रैल को डाउन लोड होगा प्रवेश पत्र**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय सीईटी- 2024 प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि 18 अप्रैल को घोषित की गई है। इस परीक्षा में लगभग 1600 से अधिक परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इसमें अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों ने भी आवेदन किया है।

कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में आयोजित होने वाली सीईटी 2024 प्रवेश परीक्षा के प्रथम चरण की तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने गुरुवार को बताया कि परीक्षा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। शुचितापूर्ण एवं पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था संपन्न कराए जाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो. फर्रुख जमाल ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के 48 घंटे बाद आंसर की विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी।

प्रश्न संशय समाधान के लिए विश्वविद्यालय द्वारा ईमेल आईडी उपलब्ध कराई जाएगी। परीक्षार्थी प्रश्न संशय समाधान के लिए मेल कर सकते हैं उसके उपरांत ही उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। सीईटी प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र ऑनलाइन 10 अप्रैल से डाउनलोड किया जा सकता है। परीक्षा समन्वयक के अनुसार सफल परीक्षार्थियों की मौखिकी परीक्षा कराई जाएगी। जिन अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा से छूट दी गई है उन्हें सीधे मौखिक परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित तिथि को अवश्य उपस्थित होना होगा। मौखिक परीक्षा के लिए स्थान एवं तिथि विश्वविद्यालय वेबसाइट पर जारी करेगा।

**519 विश्वविद्यालयों में मिला 123 वां स्थान**

## नेचर इंडेक्स में अवध विश्वविद्यालय को मिली 123 वीं रैंकिंग, शोध में उत्कृष्ट

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित नेचर इंडेक्स रैंकिंग-2026 में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए अपनी शोध उत्कृष्ठता का परचम लहराया है। इस वर्ष भारत के 519 उच्च शिक्षण संस्थानों में अवध विश्वविद्यालय ने 123वां स्थान प्राप्त किया है। अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार फिजिकल साइंस श्रेणी में विश्वविद्यालय ने देश के 252 संस्थानों के बीच 71 वां स्थान प्राप्त किया है। उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान एवं राज्य एवं केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय को यह उपलब्धि गणित एवं सांख्यिकी विभाग के वरिष्ठ शिक्षक प्रो. सीके मिश्र, डॉ. पीके द्विवेदी एवं शोध छात्र सचिन कुमार को यूरोपियन फिजिकल जर्नल द्वारा प्रकाशित शोध पत्र के आधार पर मिला है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह, कुलसचिव, वित्त अधिकारी एवं समस्त शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।



प्रो. सीके मिश्र



सचिन कुमार




डॉ. पीके द्विवेदी





## 84 कोसी परिक्रमा के लिए रवाना हुए साधु-संत

**अयोध्या, अमृत विचार :** चैत्र शुक्ल पूर्णिमा व हनुमान जयंती के अवसर पर रामनगरी के सांस्कृतिक सीमा 84 कोसी परिक्रमा के लिए अयोध्या के दो अलग-अलग स्थान से 1000 से अधिक साधु-संतों का जत्था मखौड़ा धाम के लिए रवाना हुआ। ढोल नगाड़े के साथ जय श्री राम के जयकारा लगाते हुए देश के विभिन्न क्षेत्र से आए साधु संत इस यात्रा में शामिल हुए। वहीं सरयू तट से भी साधु संतों ने विधि विधान पूर्वक आरती पूजन कर संतों की टोली मखौड़ा धाम के निकाली। कारसेवकपुरम से हनुमान मंडल के बैनर तले परिक्रमा यात्रियों को मध्य प्रदेश राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने ध्वज दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा मणिरामदास छावनी होते हुए राम पथ पहुंची। इसके पूर्व मणिरामदास छावनी पहुंची इस यात्रा में शामिल संतों ने श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास का आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा के संयोजक सुरेंद्र कुमार ने बताया कि पांच जिलों से होकर गुजरने वाली यह 23 दिन की यात्रा है। यात्रा में लगभग 1000 से अधिक साधु संत व भक्त शामिल हैं। इसके साथ एक रथ है जिसमें भगवान की प्रतिमा विराजमान है। इस दौरान कारसेवकपुरम् के प्रभारी शिवदास सिंह, शरद शर्मा समेत अन्य लोग यात्रा की अगुवानी की।




## न्यूज ब्रीफ

### दंत स्वास्थ्य विज्ञानी दिवस पर समारोह का आयोजन

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला चिकित्सालय में दंत स्वास्थ्य विज्ञानी दिवस के अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया गया। डॉक्टर विनोद शुक्ला ने दंत रोग से संबंधित सावधानियां और उनकी निरंतर सफाई करने की शपथ उपस्थित सभी लोगों को दिलाई। प्रमुख अधीक्षक डॉ. राजेश सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी, वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सीबीएन त्रिपाठी, डॉ. जीसी पाठक, इंदिरा राय व अन्य उपस्थित रहे।

### ऑर्थो सर्जन डॉ. जीसी पाठक की वापसी

**अयोध्या, अमृत विचार :** वरिष्ठ ऑर्थो सर्जन डॉ. जीसी पाठक की जिला अस्पताल में वापसी हो गई है। वह कई वर्ष पहले यहां तैनात थे। इसके बाद प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में रहे। 62 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होने के बाद अब वह यहां एक बार फिर से आए हैं।

### अटल आवासीय विद्यालय में चार छात्राएं चयनित

**अयोध्या, अमृत विचार :** अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में प्राथमिक विद्यालय जलालपुर की चार छात्राओं प्रतीक्षा, प्रियंका, अकाशी व प्रज्ञा ने चयनित हो विद्यालय व क्षेत्र का मान बढ़ाया है। खंड शिक्षा अधिकारी अमित श्रीवास्तव, इआरपी गौतम तिवारी, सदाशिव मौर्य, शिव प्रताप सिंह आदि ने सभी चयनित बच्चों को बधाई दी।

### थ्रेशर की चपेट में आने से मजदूर गंभीर

**हैदरगंज, अयोध्या।** थाना हैदरगंज क्षेत्र के कुंआडांड गांव बुधवार देर रात गांव निवासी प्रकाश निषाद (27) पुत्र श्यामलाल का बुधवार का रात करीब 11 बजे गेहूं की मड़ाई के दौरान अचानक थ्रेशर के अंदर हाथ चला गया, जिसके चलते उसका हाथ कट गया। ट्रैक्टर मालिक घायलावस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमवाकला लेकर पहुंचा। यहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### मिनी स्टेडियम में शीघ्र तैनात होंगे प्रशिक्षक

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिले के तीन मिनी स्टेडियम में योग्य प्रशिक्षकों की तैनाती की प्रक्रिया गुरुवार को शुरू हुई। मानदेय प्रशिक्षक की भर्ती के लिए विकास भवन में सीडीओ की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जेम पोर्टल के माध्यम से मानदेय प्रशिक्षक की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी करने वाली कम्पनी का चयन किया जाए। आवेदकों का एनआईएस, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, राज्य स्तरीय खिलाड़ी या बीपीएड होना आवश्यक है। जिला युवा कल्याण अधिकारी ऋषि पाल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के बैसिंग तारुन, कंदईकला सोहावल व कोटडीह सरैया स्थित तीन मिनी स्टेडियम में मानदेय प्रशिक्षकों की भर्ती होनी है। प्रशिक्षकों को प्रतिमाह 25000 मानदेय दिया जाएगा। बैठक में समिति के सदस्य उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र, सचिव जिला युवा कल्याण अधिकारी ऋषि पाल, सदस्य आरएसओं के प्रतिनिधि सीडी सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी व जिला व्यायाम शिक्षक मौजूद रहे।

### युवक ने जहरीला पदार्थ निगला

**बीकापुर, अयोध्या।** कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के बनकट गांव निवासी सूरज गोस्वामी (25) ने बृहस्पतिवार सुबह अज्ञात कारणों से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे सीएचसी बीकापुर ले गए, जहां स्थिति में सुधार न होने पर डॉ. एसके. मौर्य ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली पुलिस के अनुसार उन्हें इसकी सूचना नहीं दी गई।

# बजरंगियों ने हनुमान मंदिर पर किया धर्म ध्वजा का आरोहण


राम मंदिर परिसर में स्थित हनुमान मंदिर के शिखर पर लहराता धर्म ध्वज।

- पूर्व सांसद विनय कटियार, बजरंग दल के पूर्व संयोजक जय भान सिंह पवैया समेत 150 साधु संत बने साक्षी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राम मंदिर परिसर के परकोटे के दक्षिणी भुजा के मध्य स्थित हनुमान मंदिर के शिखर पर हनुमान जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को धर्म ध्वजा का आरोहण किया गया। 19 फिट, सात इंच के ध्वज दंड पर आरोहण से पहले नौ फिट तीन इंच लंबा और चार फिट सात इंच चौड़े धर्म ध्वज का वैदिक आचार्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चन किया। हनुमान मंदिर के शिखर पर शुभ मुहूर्त में सुबह करीब 11 बजे ध्वज आरोहण होते ही पूरा मंदिर परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। साधु-संतों ने कहा कि हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण होना अत्यंत शुभ और भावनात्मक क्षण है। समारोह बजरंग दल के संस्थापक व पूर्व सांसद विनय कटियार, पूर्व संयोजक और मध्य प्रदेश के राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जय भान सिंह पवैया, प्रकाश शर्मा, सुरेंद्र जैन की मौजूदगी में हुआ। कार्यक्रम में विहिप के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज, महंत जयराम दास, महंत भरत दास, तोताद्री मठ के महंत अनंताचार्य, महंत राघवाचार्य, महंत वैदेही वल्लभ शरण, महंत शशिकांत दास, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, कार्यक्रम प्रभारी गोपाल जी राव, शरद शर्मा, धीरेश्वर वर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।


राम मंदिर स्थित हनुमान मंदिर में धर्म ध्वजा का पूजन अर्चन करते पूर्व सांसद विनय कटियार, राज्य वित्त आयोग मध्य प्रदेश के अध्यक्ष जय भानु पवैया व अन्य।

### पहले टिकट दिलाइए, फिर हम बताएंगे

समारोह के साक्षी बने बजरंगी के नाम से विख्यात व श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के प्रथम पंक्ति के नेता रहे विनय कटियार काफी भावुक दिखे। कहा कि आज भारतीय संस्कृति का यशगान हो रहा है और यही होना चाहिए। उन्होंने इस ध्वज आरोहण को भव्य और ऐतिहासिक बताया। काशी और मथुरा को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि पहले टिकट दिलाइए, फिर हम बताएंगे।

### वर्षों पुराने सपने अब हो रहे साकार

बजरंगदल के पूर्व संयोजक रहे जय भान सिंह पवैया ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन से जुड़े वर्षों पुराने सपने अब साकार हो रहे हैं। यह क्षण बेहद भावनात्मक और गर्व का है। हनुमान जी के आदर्श और श्रीराम के संदेश ही देश को एकता के सूत्र में बांध सकते हैं। ऐसे आयोजन सांस्कृतिक जागरण को और मजबूत करते हैं। समाज जातियों के नाम पर बिखरा जा रहा है। जिसे अगर कोई बांध सकता है तो वह प्रभु श्रीराम ही हैं। आज बजरंग दल के सभी लोग अलग-अलग भूमिका में है। लेकिन सभी के लक्ष्य एक है।

# गांव की सूची से फिर हटाए गए 76 हजार डुप्लीकेट मतदाता

**प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2025** दूसरी बार मतदाता सूची के 5.94 लाख संभावित डुप्लीकेट वोटरों का सत्यापन

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या।

**अमृत विचार:** राज्य निर्वाचन आयोग से कराए गए डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन में फिर75,838 डुप्लीकेट वोटर पाए गए। इनका नाम सूची से डिलीट कर दिया गया। अब ग्राम पंचायत की मतदाता सूची के प्रकाशन की तैयारी शुरू की गई है।

राज्य निर्वाचन आयोग ने ग्राम पंचायत की मतदाता सूची के प्रगाढ़ पुनरीक्षण का काम अगस्त 2025 में शुरू किया गया था। पुनरीक्षण के लिए सूची का डाफ्ट प्रकाशन किया गया। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने पहली बार 2,61,892 संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची जिले को भेजी। इनका सत्यापन कराए जाने का निर्देश दिया गया। इसके लिए अलग से पूरी व्यवस्था की गई। सभी खंड विकास अधिकारियों को इसका नोडल बनाया गया। सूची के पुनरीक्षण के साथ डुप्लीकेट मतदाताओं का सत्यापन कराया गया तो सूची में पहली बार लगभग 79 हजार वोटर डुप्लीकेट चिंहित किए गए। इनका नाम सूची से डिलीट कर दिया गया। इसके बाद मतदाता सूची के पुनरीक्षण के बाद अनंतिम प्रकाशन किया गया।

राज्य निर्वाचन आयोग ने एक बार फिर मतदाताओं की ऑनलाइन पड़ताल कराई तो जिले में एक बार फिर 5,94,968 संभावित डुप्लीकेट मतदाता चिंहित किए गए। आयोग ने एक बार फिर इन मतदाता की सूची भेज बीएलओ से सत्यापन कराए जाने का निर्देश दिया। अब सत्यापन का काम पूरा हो गया है। उपजिलाधिकारियों ने इसकी रिपोर्ट जिले को भेज दी है। सूत्रों के मुताबिक सत्यापन में 5.94 लाख मतदाताओं में से 75,838 मतदाताओं के नाम डुप्लीकेट पाए गए। इनका नाम सूची से डिलीट कर दिया गया। इन मतदाताओं के नाम हटाने के बाद अब नए सिरे से सूची की पांडुलिपि तैयार की जा रही है।



- राज्य निर्वाचन आयोग ने बीएलओ से कराया सत्यापन

### सूची बनाने में लग गए आठ महीने

ग्राम पंचायत की मतदाता सूची बनाने में शायद ऐसा पहला अवसर होगा जब सूची बनाने में आठ महीने लग गये। कारण चाहे पारदर्शी सूची का रहा हो या बिहार में चुनाव के समय सूची को लेकर सियासी हलचल। यह भी पहला अवसर होगा जब दो बार संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं को चिन्हित किए गए और उनका सत्यापन कराकर बड़ी संख्या में डुप्लीकेट नाम सूची से डिलीट किए गए।

### तहसीलवार डिलीट मतदाताओं की संख्या

| तहसील | चिह्नत वोटर | डिलीट वोटर |
|---|---|---|
| सदर | 97277 | 16509 |
| सोहावल | 85221 | 13399 |
| रुदौली | 104978 | 9639 |
| मिल्कीपुर | 155936 | 17174 |
| बीकापुर | 151556 | 19117 |

"राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं का सत्यापन कराया गया। आयोग से भेजी गई सूची से सत्यापन में 75,838 मतदाता डुप्लीकेट पाए गए। इनका नाम सूची से हटा दिया गया है। अब सूची के अंतिम प्रकाशन की तैयारी है। –**सूर्य भान, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, पंचायत एवं नगर निकाय, अयोध्या।**"

### नगर में पीएनजी लाइन को लेकर कवायद शुरू

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी में घरेलू और वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत के बीच पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) विस्तार की कवायद तेज हो गई है। मुख्य सचिव ने हाल ही में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला आपूर्ति अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शहर में पीएनजी लाइन पर कार्य शुरू कराया जाए। जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि साकेतपुरी और कौशलपुरी इलाकों में पीएनजी लाइन बिछाने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। इन क्षेत्रों में जल्द ही कनेक्शन शुरू किए जाएंगे। अन्य इलाकों में लाइन बिछाने के लिए सड़कों की खोदाई, कुछ जगहों पर पेड़ काटने और जगह चिह्नित करने की जरूरत है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों विशेषकर लोक निर्माण विभाग और वन विभाग से एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) प्राप्त करने के बाद ही आगे का कार्य शुरू होगा।

# हॉस्टल के कमरे में लटका मिला छात्र का शव

कुमारगंज अयोध्या।

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अंतर्गत उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय में अध्ययनरत बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र अनिल तिवारी(22) पुत्र जीवननाथ तिवारी निवासी ओझा का पुरवा थाना वजीरगंज जनपद गोंडा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में अमरावती हॉस्टल के रूम नंबर नौ में पंखे में फंदे से लटका मिलने के बाद अफरा तफरी मच गई। वह हर्षित जायसवाल निवासी गोरखपुर व विपिन देव पांडे निवासी सोनभद्र के साथ विश्वविद्यालय के अमरावती छात्रावास में रह रहा था।

एक अप्रैल की रात उसके दोनों दोस्त किसान छात्रावास में रह रहे अपने दोस्त अंशु व आजाद के कमरे पर रुक गए थे। दोनों 2 अप्रैल बृहस्पतिवार को हॉस्टल के मेस में खाना खाने आए और वहीं कीट विज्ञान विषय की परीक्षा देने परीक्षा हाल में चले गए। दोपहर करीब एक बजे पार्सल की डिलीवरी करने वाला युवक पहुंचा।उसने देखा कि अंदर से दरवाजा बंद है। काफी देर तक डिलीवरी बॉय ने आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई हरकत न होने के बाद उसने आसपास कमरों में मौजूद अन्य छात्रों को बताया। इसके बाद कई छात्र मौके पर पहुंचे और उन्होंने किसी तरह दरवाजा खोला तो देखा कि गमछा के फंदे के सहारे पंखे से अनिल तिवारी का शव लटका है।


अमरावती छात्रावास के बाहर जुटे विद्यार्थी।

- उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय में बीएससी तृतीय वर्ष का था छात्र

विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. डी नियोगी, उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. भानु, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. रुद्र प्रताप सिंह सहित विश्वविद्यालय से भारी संख्या में सिक्योरिटी गार्ड मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंची कुमारगंज पुलिस ने फिंगर प्रिंट टीम को मौके पर बुलाया और शव को कब्जे में ले लिया। विवि के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा मृतक छात्र के परिजनों को दूरभाष पर घटना की जानकारी दी गई। बताते चलें कि विश्वविद्यालय परिसर में छात्र की मौत का यह कोई नया और पहला हादसा नहीं है। विश्वविद्यालय परिसर स्थित आवासीय परिसर एवं विभिन्न हॉस्टलों में अब तक कई छात्रों की अलग-अलग परिस्थितियों में मौत हो चुकी है।

### डिब्बे में 10 लीटर डीजल देने की मिली अनुमति

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले में पेट्रोलियम पदार्थों की बिक्री को लेकर जिला प्रशासन ने पूर्व में डिब्बों में डीजल और पेट्रोल देने पर लगाई गई रोक में आंशिक संशोधन किया है। अब पेट्रोल पंपों पर डिब्बे में अधिकतम 10 लीटर डीजल दिए जाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। प्रशासन ने 26 मार्च से अफवाहों के चलते पेट्रोल पंपों पर लग रही भीड़ और अव्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए डिब्बों में पेट्रोलियम पदार्थों की बिक्री पर रोक लगा दी थी। उस दौरान कई पंपों पर लंबी कतारें देखी गई थीं, जिससे स्थिति को संभालने के लिए यह कदम उठाया गया था। भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रतिबंध के कारण किसानों और विभिन्न संस्थाओं को कार्य संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी से वार्ता की गई, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया। नए आदेश के लागू होने से किसानों को कृषि कार्यों के लिए डीजल प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी।

# कॉर्पोरेशन के 52 संविदा कर्मी हटाए गए, आक्रोश

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर अयोध्या में 52 संविदा कर्मियों की अचानक छंटनी कर दी गई। इससे कर्मचारियों में तीखा आक्रोश पैदा हो गया है। कर्मचारियों का कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना और नोटिस के छंटनी असंवैधानिक है। राज्य विद्युत मजदूर पंचायत आदि संगठनों द्वारा चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है।

संघर्ष समिति के जोनल अध्यक्ष रघुवंश मिश्रा ने कहा कि राजधानी लखनऊ सहित अयोध्या, मेरठ और अन्य शहरों में लागू की गई वर्टिकल व्यवस्था पूरी तरह विफल साबित हो रही है, जिससे बिजली व्यवस्था पटरी से उतर गई है। अपनी विफलता स्वीकार करने के बजाय प्रबंधन अब इसका ठीकरा कर्मचारियों पर फोड़ते हुए दमनात्मक कार्यवाई कर रहा है। समिति ने चेतावनी दी है कि उत्पीड़नात्मक कार्यवाई तत्काल बंद नहीं की गईं और संघर्ष समिति के साथ सार्थक संवाद शुरू नहीं किया गया, तो व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। मुख्य अभियंता वितरण बृजेश कुमार ने बताया कि मुख्यालय के आदेश पर छंटनी की गई है। स्थानीय स्तर पर इस मामले से कोई लेना देना नहीं है। यदि कर्मचारी प्रत्यावेदन देते हैं तो शक्ति भवन प्रबंधन को भेज दिया जाएगा।


श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की यज्ञशाला में सुंदर कांड व हनुमान चालीसा का पाठ करते अफ्रीकी देश जाम्बिया की राजधानी लुसाका से आए श्रद्धालु।

# लुसाका से आए श्रद्धालुओं ने की हनुमत वंदना

**अयोध्या। अमृत विचार :** अफ्रीकी देश ज़ाम्बिया की राजधानी लुसाका से आए श्रद्धालुओं ने गुरुवार को हनुमान जयंती पर श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर की यज्ञशाला में सुन्दर काण्ड और हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ कर हनुमत वंदना की। ट्रस्ट के आयोजन सहयोगी शैलेन्द्र शुक्ल ने बताया कि भारत के उच्चायोग लुसाका के रामराय विजयवर्गीय के नेतृत्व में इक्यावन मातृशक्तियों की टोली ने चार घंटे पाठ के बाद प्रभु श्रीराम का दर्शन पूजन किया।

# रामलला के समक्ष नतमस्तक हुए उद्योगपति गौतम अदानी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को देश के प्रमुख उद्योगपति गौतम अदानी अपने निजी विमान से गुरुवार सुबह करीब नौ बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर पहुंचे। वहां से सड़क मार्ग से वह पहले श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे। परिवार के साथ रामलला के दरबार में अपनी श्रद्धा समर्पित की। मंदिर के प्रथम तल पर स्थित राम दरबार व द्वितीय तल पर स्थापित श्रीराम महायंत्र की भी पूजा-अर्चना की। इसके बाद वह गुरुकुल महाविद्यालय गए, वहां उन्होंने हवन-पूजन कर विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने उचित सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।


राम मंदिर परिसर में परिवार के साथ मौजूद गौतम अदानी।


गुरुकुल महाविद्यालय में हवन पूजन करते गौतम अदानी।

- गुरुकुल महाविद्यालय में अनुश्ठान में लिया भाग
- विद्यार्थियों को हर संभव सहयोग देने का दिया आश्वासन

### भारत की संस्कृति, एकता का प्रतीक है राम मंदिर : अदानी

गुरुकुल महाविद्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर के दर्शन उनके और उनके परिवार के लिए अत्यंत भावुक और गौरवपूर्ण क्षण है। यह मंदिर केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति, एकता और आत्मविश्वास का प्रतीक है। भगवान श्रीराम के आदर्श हमें सत्य, कर्तव्य और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने रामलला से प्रार्थना की कि उनका आशीर्वाद सभी पर बना रहे और देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़े। गुरुकुल में बिताए समय को विशेष बताते हुए उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक दौर में भी गुरुकुल हमारी संस्कृति को जीवित रखने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। अडानी फाउंडेशन के माध्यम से इस परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा। उन्होंने "जय श्री राम" का उद्घोष करते हुए अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

# मां परमेश्वरी देवी मेमोरियल अस्पताल के पंजीकरण से ही स्वास्थ्य विभाग अंजान

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार Follow UP

**अमृत विचार :** जच्चा-बच्चा की मौत के बाद भले ही मां परमेश्वरी देवी मेमोरियल अस्पताल सील कर दिया गया हो, लेकिन संचालित अस्पताल को लेकर अब भी कई रहस्य बरकरार हैं। अस्पताल के पंजीकरण को लेकर भी स्वास्थ्य विभाग के पास कोई जवाब नहीं है। हालांकि मामले में बड़ी कार्रवाई का दावा करते हुए विभागीय अधिकारी महिला अस्पताल से साक्ष्य बटोरने में जुट गए हैं।


सोनी यादव (फाइल फोटो)

- जच्चा-बच्चा की मौत के बाद से आरोपी चिकित्सक का फोन ऑफ
- स्वास्थ्य विभाग ने महिला अस्पताल से भी जुटाए साक्ष्य

महताब बाग बेनीगंज निवासी सुरेश यादव का आरोप था कि उसने रिकाबगंज के बल्लाहाता स्थित मां परमेश्वरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल में मंगलवार दोपहर पत्नी सोनी यादव (32) को भर्ती कराया था। अस्पताल की डॉ. अंजली श्रीवास्तव ने जांच कर बताया कि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। रात करीब 12 बजे प्रसव कराने के बाद बच्चे की सांस नहीं चल रही थी। सोनी की तबीयत भी बिगड़ गई थी। नियावां के एक निजी अस्पताल में ले जाने पर पता चला था कि उसकी भी मौत हो चुकी है। शहर में लोगों के आक्रोश को देखते हुए एसीएमओ डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। इसके बाद अस्पताल सील कर दिया था। तब से अस्पताल की चिकित्सक का फोन भी स्विच ऑफ है।

### महिला अस्पताल में टीम ने की जांच आशा संदेह के दायरे में

सोनी मौत मामले में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने महिला अस्पताल में भी जांच पड़ताल की है। एसीएमओ डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव बताते हैं कि निजी अस्पताल में महिला की नॉर्मल डिलीवरी कराई गई थी। पीड़ित पहले महिला अस्पताल पहुंचा था। वहां से छोड़कर भाग आया था। क्यों भागा? यह जांच का विषय है। आशा भी संदेह के दायरे में है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में 52 स्टाफ नर्स हैं। यह भी एक जांच का विषय है। सीएमओ को आख्या सौंप दी गई है।

### सभी अस्पतालों के विवरण को बने पोर्टल

उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर जिले स्तर पर अस्पताल और डॉक्टरों की प्रमाणित जानकारी का एकीकृत पोर्टल बनाने की मांग की है। पत्र में लिखा है कि जिले के सभी डॉक्टरों का विवरण, जैसे उनका नाम, संपर्क नंबर, पंजीकरण संख्या एवं उनकी डिग्रियों का स्पष्ट उल्लेख, एक ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाए। यह पोर्टल जनसामान्य के लिए आसानी से सुलभ हो तथा समय-समय पर अपडेट भी किया जाता रहे, ताकि लोगों को सदैव सही और विश्वसनीय जानकारी मिल सके।

"अभी अस्पताल का पंजीकरण, क्यों सील हुआ, क्यों अनसील किया गया। इन सबकी जानकारी नहीं मिल पाई है। जांच कराई जा रही है। हमारी पूरी कोशिश रहेगी कि दोषी को किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पीड़ित पक्ष को इंसाफ दिलाया जाएगा। **–डॉ. देवेंद्र भिटौरिया, सीएमओ।**"

"स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुझे जानकारी दी गई है कि अस्पताल को सील कर दिया गया है। अभी पूरी आख्या नही मिली है। मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। **–अश्विनी पांडेय, नगर कोतवाल।**"

### मंदिर की संपत्ति विवाद में साधु पर जानलेवा हमला, केस

**अयोध्या, अमृत विचार।** मंदिर की संपत्ति के विवाद में साधु रतनेश शरण चेला स्व. राम छबीले शरण निवासी श्रावण कुंज मंदिर नयाघाट कोतवाली अयोध्या पर जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी पहले भी उन्हें जान से मारने की धमकी दे चुके हैं, इसकी शिकायत पुलिस से भी की थी। उनकी तहरीर पर पुलिस ने चार-पांच अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पीड़ित ने बताया कि बुधवार शाम करीब सात बजे वह नयाघाट पर लखन गुप्ता की दुकान पर बैठकर मोबाइल देख रहा था। इस दौरान चार-पांच लोग वहां आए व जान से मारने की नियत से उन पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इससे उनके सिर में गंभीर चोट आई और वह बेहोश हो गया। वहां मौजूद लोग दौड़े तो आरोपी फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें श्रीराम अस्पताल पहुंचाया। आरोप लगाया कि मंदिर की संपत्ति को लेकर उनका विवाद चल रहा है। मामला न्यायालय में है। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार-पांच अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस दर्जकर विवेचना की जा रही है।

# स्मार्ट मीटर और गैस कीमतों पर कांग्रेस का हल्ला बोल

## 10 दिन का अल्टीमेटम, राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** गुरुवार को कांग्रेस जिला इकाई ने जनसमस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह 'राणा' के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपते हुए स्मार्ट मीटर, गैस मूल्य वृद्धि और अन्य स्थानीय मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस ने घरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों की स्थापना पर रोक लगाने और इन्हें बनाने व लगाने वाली कंपनियों को ब्लैकलिस्ट करने की मांग उठाई। साथ ही वर्तमान मीटर रीडरों की नौकरी सुरक्षित रखने पर भी जोर दिया गया। पार्टी ने घरेलू व व्यावसायिक गैस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और हाल ही में बढ़ी कीमतों को तत्काल कम करने की मांग रखी।


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर के कारण उपभोक्ताओं को भारी-भरकम बिजली बिल मिल रहे हैं। उदाहरण देते हुए कहा कि पहले 100 वाट के बल्ब पर कम बिल आता था, जबकि अब नौ वाट के एलईडी बल्ब के बावजूद अधिक बिल आ रहा है, जिससे मीटरों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। इसके अलावा, गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। कांग्रेस ने प्रशासन को 10 दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी बड़े स्तर पर धरना, घेराव और आंदोलन करने को बाध्य होगी। प्रदर्शन में शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, निवर्तमान मीडिया कॉर्डिनेटर राजेश तिवारी, मोहसिन सलीम, हामिद राइन, सुब्रत सिंह सनी, सलाउद्दीन हाश्मी, रणजीत सिंह सलूजा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### निजी विद्यालयों की मनमानी के खिलाफ बहुजन अधिकार सेना का प्रदर्शन, ज्ञापन

**संवाददाता, सुलतानपुर :** जिले में निजी विद्यालयों की मनमानी के खिलाफ बहुजन अधिकार सेना ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। संगठन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपकर समान शिक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई है। संगठन ने आरोप लगाया कि निजी स्कूल शिक्षा के नाम पर आर्थिक शोषण कर रहे हैं। मनमानी फीस, महंगी किताबें और बार-बार ड्रेस बदलने से अभिभावक परेशान हैं। बहुजन अधिकार सेना ने यूकेजी से कक्षा 8 तक फीस की अधिकतम सीमा तय करने, एनसीईआरटी या राज्य बोर्ड की किताबें अनिवार्य करने और एक समान ड्रेस कोड लागू करने की मांग की। साथ ही प्रत्येक जिले में फीस नियामक समिति बनाकर सख्त निगरानी और नियम तोड़ने वाले स्कूलों पर जुर्माना व मान्यता रद्द करने की बात कही गई। राष्ट्रीय मुख्य महासचिव तिलकधारी गौतम और महासचिव निसार अहमद ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर प्रदेशभर में धरना-प्रदर्शन और शिक्षा विभाग का घेराव किया जाएगा। इसी के साथ कूरेभार विकास खंड के ग्राम पंचायत दखिनवारा में रेलवे गेट संख्या 23( सी ) पर प्रस्तावित अंडरपास निर्माण के विरोध की बात कही। बहुजन अधिकार सेना ने बताया कि ग्रामीणों ने निर्माण का विरोध शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे करीब 15 घरों का रास्ता बंद हो जाएगा और जलभराव की समस्या बढ़ेगी।

### आजाद पार्टी ने एसडीएम को सौंपा 15 सूत्री ज्ञापन

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** आजाद पार्टी के पदाधिकारियों ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर एसडीएम उत्तम तिवारी को 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से ब्लॉक, तहसील, पूर्ति निरीक्षक कार्यालय तथा थाने सहित अन्य सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने मांग की कि आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से मिले और कार्यालयों में फैली अव्यवस्था को शीघ्र दूर किया जाए। उन्होंने प्रशासन से इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कार्रवाई की अपेक्षा जताई। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष गौरीशंकर तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अपनी बात रखी। मौके पर मकसूद आलम खान, दिलीप मिश्र, श्याम बहादुर, गिरीश चंद्र मिश्र, सभाजीत, मंगला प्रसाद, मिठाई लाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सब्जी की छह दुकानें जलकर राख

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कस्बे में बीती रात शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लगने से छह सब्जी की दुकानें जलकर राख हो गईं। घटना रात करीब दो बजे की बताई जा रही है, जब अचानक आग भड़क उठी और देखते ही देखते कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग में राजेंद्र सोनकर, जयंती वर्मा, लालमणि मौर्य, मनोज कुमार, विकास और विशाल की दुकानें पूरी तरह जलकर नष्ट हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के दुकानदार मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ितों को सहायता दिलाने की मांग की है।

### आग से डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जली

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के बिरवल गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में करीब डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना बुधवार शाम करीब चार बजे की है, जब अचानक आग भड़क उठी और खेतों में फैल गई। आग की सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में हरिप्रसाद की 15 बिस्वा, लाल शंकर की 10 बिस्वा और शिव शंकर की 5 बिस्वा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ज्ञानेश दुबे ने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाने में सहयोग किया और पीड़ित किसानों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# असलहा तस्कर पर कोर्ट सख्त, कुर्की नोटिस जारी

● एसटीएफ ने दर्ज कराया था मुकदमा

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में दर्ज आर्म्स एक्ट के मामले में फरार चल रहे असलहा तस्कर के खिलाफ अदालत ने सख्त रुख अपनाया है। एसीजेएम प्रथम अलंकृता शक्ति त्रिपाठी की कोर्ट ने गंभीरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लूहुसा गांव निवासी अरविंद बिंद के खिलाफ कुर्की नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। 15 दिसंबर 2024 को एसटीएफ वाराणसी इकाई व स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कोतवाली देहात के मिश्रपुर पुरैना हाईवे रोड स्थित यात्री शेड के पास से दो आरोपियों सत्यम यादव निवासी रुदौली, थाना सरपतहा, जनपद जौनपुर और मुस्कान दूबे निवासी रुदौली, थाना सरपतहा, जनपद जौनपुर को मौके पर गिरफ्तार किया गया था। जबकि एक आरोपी अमित बिंद फरार हो गया था। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एसटीएफ ने फैक्ट्री मेड पिस्टल, मैगजीन, मोबाइल फोन व अन्य दस्तावेज बरामद किए थे। विवेचना के दौरान फरार आरोपी की पहचान आजमगढ़ जिले के लूहुसा गांव निवासी अरविंद बिंद के रूप में हुई, जो असलहा तस्करी में संलिप्त बताया गया है। कोर्ट में पेश न होने और फरारी की स्थिति को देखते हुए अदालत ने उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। जिसके बाद कोर्ट ने कुर्की नोटिस जारी की है।

### कल्याणपुर बवाल मामले में जमानत अर्जी पर सुनवाई टली

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अखण्डनगर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में बीते 15 मार्च को जमीनी विवाद को लेकर हुई फायरिंग व जानलेवा हमले के मामले में जेल में निरुद्ध रतनपुर ( मैरवा ) निवासी अजय प्रताप सिंह व अभिषेक राणा की जमानत अर्जी पर अदालत में सुनवाई शनिवार तक टल गई। अभियोजन पक्ष से वादी जिलाजीत यादव के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया प्रभारी जिला जज न्यायाधीश संन्ध्या चौधरी की अदालत में बचाव पक्ष के बहस के लिए मौका लेने के कारण अब जमानत पर सुनवाई के लिए 4 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। मामले में राणा अजीत प्रताप सिंह , अभिषेक राणा, राणा अजीत सिंह सहित कई लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले समेत अन्य आरोप में केस दर्ज कराया गया है। घटना में कई आरोपियों को पुलिस ने जेल भेजा है। वही रतनपुर निवासी अरुण कुमार सिंह व नेमपुर मालीपुर निवासी हलचल तिवारी उर्फ नितेश की अग्रिम जमानत पर सुनवाई के लिए भी कोर्ट ने 4 अप्रैल की तारीख नियत की है।

### बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मोकलपुर में गुरुवार को वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नन्हे बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों ने गीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से शिक्षा का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश गौतम ने बताया कि शिक्षको की बहुआयामी सोच और मेहनत से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुभद्रा तिवारी महाविद्यालय**
पारा कूतूपुर अरसठ, अयोध्या (उ० प्र०)

**आवश्यकता**

निम्न विषयों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता हेतु, विज्ञान संकाय (बीएससी) के अंतर्गत भौतिक विज्ञान–एक पद, रसायन विज्ञान–एक पद, जंतु विज्ञान– एक पद, वनस्पति विज्ञान– एक पद, गणित– एक पद

**योग्यता एवं वेतनमान –** यूजीसी/ राज्य विश्वविद्यालय व डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 07 दिनों के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें।

**प्रबंधक**

### 51 लाख के नशीले पदार्थों को पुलिस ने कराया नष्ट

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह की मौजूदगी में जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने एनडीपीएस एक्ट से जुड़े 17 मामलों के मादक पदार्थों का विनिष्टीकरण कराया गया। इस दौरान कुल 9.225 किलोग्राम अवैध गांजा, 0.140 किलोग्राम चरस, 0.108 किलोग्राम स्मैक तथा 59 पुड़िया नशीली टैबलेट को नष्ट किया गया। इन सभी मादक पदार्थों की अनुमानित कीमत करीब 51 लाख 90 हजार 700 रुपये बताई गई है। जब्त किए गए मादक पदार्थों को मेसर्स रायल पॉल्यूशन कंट्रोल सर्विसेज, चांदपुर सैदोपट्टी स्थित इंसीनरेटर मशीन के माध्यम से नष्ट किया गया। पूरी प्रक्रिया नियमानुसार ड्रग डिस्पोजल कमेटी के सदस्यों और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में संपन्न हुई।

# बच्चों के झगड़े में दो समुदाय भिड़े, पुलिस पर भी हमला

● 17 नामजद और 20 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के बेलहरी गांव में बुधवार रात बच्चों के मामूली विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। देखते ही देखते दो समुदाय आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडों व अन्य हथियारों से एक-दूसरे पर हमला शुरू कर दिया। हालात इतने बिगड़ गए कि बीच-बचाव करने पहुंची पुलिस टीम पर भी भीड़ ने हमला कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। वहां प्रधान प्रतिनिधि राम केवल यादव व उनके पक्ष के रामनंद, आशीष यादव, अर्जुन यादव, दिनेश चंद्र यादव, राजेंद्र यादव, रामचंद्र यादव का दूसरे पक्ष के अजहर जमाली, मोईद, नसीम, कदीर, मुनौवर, शकील, रुकसाना, मो. जौवाद, वारिस, मो. जान आलम और सद्दाम आदि से विवाद चल रहा था। पुलिस टीम ने दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ उग्र हो गई और पुलिसकर्मियों को घेरकर मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह पुलिसकर्मियों ने अपनी जान बचाई। मोतिगरपुर थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक की तहरीर पर 17 नामजद व 20 अज्ञात लोगों पर दर्ज कर 12 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

### संग्रह अमीन हत्याकांड में सफाई साक्ष्य टला, 6 को सुनवाई

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** बहुचर्चित संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव हत्याकांड में गुरुवार को प्रस्तावित सफाई साक्ष्य की कार्रवाई नहीं हो सकी। एडीजीसी पवन कुमार दूबे ने बताया अदालत ने अब मामले में सफाई साक्ष्य के लिए अगली तारीख 6 अप्रैल निर्धारित की है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया इससे पूर्व न्यायाधीश संध्या चौधरी की अदालत में 13 आरोपियों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं, जबकि दो आरोपियों के बयान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराए गए थे। सफाई साक्ष्य में नियत तारीख पर सफाई साक्ष्य होगा। मामला अमेठी जनपद के मुसाफिरखाना क्षेत्र में वर्ष 2023 में हुई दोहरे हत्याकांड से जुड़ा है। वही अदालत में आरोपी जलालुद्दीन , वसीर , मोइनुद्दीन व हरिफूल शुक्ल की ओर से बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अतरिक्त/ पूरक बयान दर्ज करने की मांग की है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद जलालपुर अम्बेडकरनगर।**

पत्रांक : 1290 / न0पा0परि0ज0 / कोटेशन सूचना/2026–27–दिनांक–30/3/2026

**कोटेशन सूचना**

समस्त लोडर मरम्मत कर्ताओं को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद जलालपुर अम्बेडकर नगर पालिका फण्ड/राज्य वित्त आयोग की धनराशि से वित्तीय वर्ष 2026–27 में एक अदद पाच–छः वर्षो से खराब पड़े Escorts Dig Max-2 Backhoe Loader की मरम्मत / सर्विसिंग का कार्य कराया जाना है। एक अदद खराब Escorts Dig Max-2 Backhoe Loader थाना कोतवाली जलालपुर के परिसर में खड़ा है। खराब Escorts Dig Max-2 Backhoe Loader की मरम्मत करने वाली फर्म कुशल कारीगर से अवलोकन कराकर अपनी दर दिनांक–09–04–2026 को अपरान्ह 02 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद जलालपुर अम्बेडरकर नगर में अपना कोटेशन दे सकते है।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद जलालपुर**
**अम्बेडकर नगर।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद जलालपुर**
**अम्बेडकर नगर।**

### फर्जी आईडी से युवक को बुला ले लिए दस हजार, पुलिस ने वापस कराए

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र में फर्जी सोशल मीडिया आईडी के जरिए युवक को बुलाकर मारपीट व ठगी का मामला सामने आया है। विकास विश्वकर्मा निवासी अरवल थाना गोसाईगंज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 31 मार्च 2026 की दोपहर करीब 2 बजे उसे स्नैपचौट पर एक आईडी से शिफा नर्सिंग होम, बहादुरपुर बुलाया गया। इस मौके पर पहुंचने पर वहां पहले से मौजूद पांच युवक आवेश, इमरान, आमिल, आदिल और सैफ ने उसे पकड़ लिया। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और एक लड़की के बारे में पूछताछ की। जानकारी न देने पर आरोपियों ने 10 हजार रुपये की मांग की और जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने जबरन उसका व उसके पिता का मोबाइल लेकर पासवर्ड और यूपीआई पिन हासिल कर लिए। इसके बाद इमरान ने आमिल के स्कैनर पर 10 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। घटना की सूचना डायल 112 को दी गई, जिसके बाद पुलिस के हस्तक्षेप से शाम करीब 06 :30 बजे रुपये वापस कर दिए गए। कोतवाली नगर प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# भरत चरित्र की भक्ति में डूबा करिया बझना

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के करिया बझना में श्री राम चरित मानस प्रचार समिति के तत्वावधान में आयोजित 40वें वर्ष की तीन दिवसीय राम कथा का बुधवार को श्रद्धा और भक्ति के माहौल में समापन हुआ। अंतिम दिन प्रतापगढ़ से पधारे मानस मधुकर डॉ. दिनेश कुमार त्रिपाठी ने भरत चरित्र का मार्मिक वर्णन कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि जब भरत श्रीराम से मिलने चित्रकूट जा रहे थे, तो प्रयागराज संगम तट पर उन्हें धर्म, अर्थ और मोक्ष का वरदान देने की बात कही गई। इस पर भरत ने कहा कि उन्हें इनकी नहीं, केवल प्रभु श्रीराम के दर्शन की इच्छा है।


मानस मधुकर डॉ. दिनेश कुमार त्रिपाठी।

● तीन दिवसीय राम कथा का हुआ भावपूर्ण समापन

इस प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भक्ति में डुबो दिया। कथा समापन पर व्यास पीठ की आरती समिति के अध्यक्ष पं. प्रदीप कुमार पांडेय, अजय पांडेय और लालजी पांडेय ने विधिवत आरती उतारी।

### विजेथुआ धाम में हनुमान जन्मोत्सव का शुभारंभ

**सूरापुर, सुलतानपुर :** पौराणिक बिजेथुआ धाम में श्री हनुमान जन्मोत्सव का शुभारंभ भक्ति और उल्लास के बीच धूमधाम से हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत लोक गायक राहुल पाण्डेय 'रमन' ने अपने भजन हनुमान बिजेथुआ वासी तोहरी महिमा न्यारी हो से की, जिस पर श्रद्धालु झूम उठे। इसके बाद प्रस्तुत सोहर कहां पे जन्मे राम हो ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर मंदिर में बजरंगबली को 51 किलो के विशाल लड्डू का भोग अर्पित किया गया। कार्यक्रम के दौरान आए अतिथियों का सम्मान भी किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

**कार्यालय–नगर पंचायत जहांगीरगंज अम्बेडकरनगर**

पत्र सं0. 05 प0जहाँ / ई–निविदा सू0/2026–27 दिनांक 02/04/2026

**ई–निविदा सूचना**

नगर पंचायत जहाँगीरगंज, जनपद अम्बेडकरनगर में अधोहस्ताक्षरी के द्वारा पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना से प्राप्त धनराशि से जिलाधिकारी महोदय की स्वीकृति के उपरान्त निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत/इच्छुक एवं अनुभवी ठेकेदारों से आनलाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यो हेतु निविदा 03.04.2026 को अपरान्ह 12: 00 बजे से दिनांक 28.04.2026 को अपरान्ह 05: 00 बजे तक ऑनलाइन बेबसाइट http//etender.up.nic.up पर अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदायें दिनांक 29.04.2026 को अपरान्ह 02: 00 बजे खोली जायेगी। जिसे सम्बन्धित बेबसाइट http//etender.up.nic.up पर देखा जा सकता है।

| क्र0सं0 | वेबसाइट पर ई–निविदा प्रकाशन | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई–निविदा डाउनलोड करने की प्रारम्भ तिथि / समय | 03.04.2026 | 12.00 बजे |
| 2 | ई–निविदा अपलोड करने की प्रारम्भ तिथि / समय | 03.04.2026 | 12.00 बजे |
| 3 | ई–निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि / समय | 28.04.2026 | 05.00 बजे |
| 4 | ई–निविदा खोले जाने की तिथि / समय | 29.04.2026 | 02.00 बजे |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत जहागीरगंज**
**अम्बेडकरनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत जहागीरगंज**
**अम्बेडकरनगर**

**आयोजन** | धूमधाम से सम्पन्न हुआ महर्षि विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण समारोह

# पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित हुए मेधावी

संवाददाता, सुलतानपुर


मेधावी छात्रों को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य जेएन उपाध्याय। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** महर्षि विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत गुरु पूजा से हुआ। प्रधानाचार्य जे.एन. उपाध्याय ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

समारोह में विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। स्कूल टॉपर के रूप में अन्नया चौधरी को सम्मानित किया गया। साथ ही मिताक्षी, विदिश तिवारी, समृद्धि वर्मा, नंदिनी पांडेय, पार्थ द्विवेदी, आस्था तिवारी, आर्या द्विवेदी सहित कई छात्रों ने अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उत्कृष्ट मातृ सम्मान, बेस्ट क्रिएटिव मदर अवार्ड, शत-प्रतिशत उपस्थिति एवं स्वच्छता पुरस्कार भी प्रदान किए गए। श्रेष्ठ हाउस इंचार्ज का सम्मान अजय सिंह को दिया गया। इस अवसर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

### कक्षा 8 के छात्रों को दी गई विदाई

**संवाददाता, सुलतानपुर :** उच्च प्राथमिक विद्यालय बीबीगंज में 1 अप्रैल को स्वागत-विदाई समारोह सादगी और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कक्षा 8 के विद्यार्थियों को स्मृति-चिन्ह व शुभकामनाओं के साथ भावभीनी विदाई दी गई, जबकि कक्षा 6 के नवप्रवेशी छात्रों का फूल-माला, तिलक और तालियों के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। समूह-चित्र और स्मृति क्षणों ने आयोजन को यादगार बना दिया। प्रधानाध्यापिका रीना रावत ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय परंपरा की निरंतरता में विश्वास रखता है और वरिष्ठ छात्रों द्वारा छोड़े गए आदर्शों को नवप्रवेशी आगे बढ़ाएंगे। वहीं वरिष्ठ शिक्षक अब्दुल हन्नान ने छात्रों को ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

अमृत विचार
अयोध्या, शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026
गोंडा-बलरामपुर

# तीन दिवसीय बलरामपुर महोत्सव 2026 का भव्य आगाज आज से

## महोत्सव में जुटेंगी सांस्कृतिक व बौद्धिक हस्तियां, दो दशक बाद हो रहा आयोजित

संवाददाता, बलरामपुर


बलरामपुर महोत्सव के लिए सजाया गया आकर्षक पंडाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** लगभग दो दशक के लंबे इंतजार के बाद जनपद का बहुप्रतीक्षित 'बलरामपुर महोत्सव 2026' आज 3 अप्रैल से बड़े परेड ग्राउंड में भव्य आगाज के साथ शुरू हो रहा है। तीन दिवसीय इस महोत्सव में सांस्कृतिक, साहित्यिक और बौद्धिक गतिविधियों की रंगारंग छटा बिखरेगी, जिसमें जिले से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक की नामचीन हस्तियां शिरकत करेंगी।

जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित यह महोत्सव प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा। उद्घाटन दिवस पर ही मंच पर विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की झड़ी लगने वाली है। प्रसिद्ध कलाकार मालविका हरिओम और हेमंत बृजवासी अपनी गायकी से माहौल को सुरमयी बनाएंगे, वहीं कथक आधारित 'रामायण नृत्य नाटिका' दर्शकों को भारतीय संस्कृति की झलक दिखाएगी। भजन गायिका तृप्ति शाक्या की संध्या भी श्रद्धा और संगीत का अनूठा संगम प्रस्तुत करेगी। महोत्सव के दूसरे दिन 4 अप्रैल को 'बॉलीवुड नाइट' में मशहूर गायक अल्ताफ राजा अपनी प्रस्तुति देंगे, जबकि 'अखिल भारतीय कवि सम्मेलन' में देशभर के चर्चित कवि श्रोताओं को हास्य, व्यंग्य और ओज की कविताओं से मंत्रमुग्ध करेंगे। अंतिम दिन 5 अप्रैल को 'भोजपुरी नाइट' में कल्पना पटवारी, कुलदीप चौहान और जतिन निगम की प्रस्तुतियां दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर देंगी।

इसके साथ ही पूरे महोत्सव में बुक फेयर, विज्ञान प्रदर्शनी, फूड स्टॉल, झूले, पपेट शो, आतिशबाजी, लकी ड्रा और स्काई लालटेन शो जैसे आकर्षण भी लोगों के लिए खास रहेंगे। जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन और मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि यह आयोजन जनपद की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई देने का प्रयास है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस ऐतिहासिक महोत्सव का हिस्सा बनें।

# एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ


एचपीवी टीकाकरण शिविर में मौजूद चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मचारी।

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** सीएचसी में गुरुवार को अधीक्षक डॉक्टर चंद्र प्रकाश सिंह की देखरेख में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं को संक्रमण से सुरक्षित कर भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारियों, विशेषकर गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, से बचाव सुनिश्चित करना है।

टीकाकरण कार्य में एएनएम अर्पणा निषाद, प्रियंका बौद्ध, विनीता तथा प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक पवन श्रीवास्तव सहित स्वास्थ्य टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे। अस्पताल प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि इस महत्वपूर्ण अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

### 85.98 लाख से प्रमुख स्थानों पर लगेंगे सीसीटीवी

**बलरामपुर अमृत विचार :** नगर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सेफ सिटी योजना के तहत बड़ा कदम उठाया गया है। शासन द्वारा 85 लाख 98 हजार रुपये की स्वीकृति मिलने के बाद शहर के 30 प्रमुख स्थानों पर आधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे निगरानी व्यवस्था मजबूत होगी। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयासों से साकार हो रही इस योजना के तहत शहर के प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों को चिन्हित किया गया है। इनमें वीर विनय चौराहा, काली मंदिर, घास मंडी, चौक बाजार, अंबेडकर चौराहा, जिला अस्पताल के पास सहित कई अहम स्थान शामिल हैं। अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने बताया कि सभी कैमरों को एक केंद्रीय कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा, जहां से पूरे शहर की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। इससे अपराधों की रोकथाम, ट्रैफिक प्रबंधन में सुधार और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सकेगी। नगरवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। प्रशासन का मानना है कि योजना के लागू होने के बाद शहर में कानून व्यवस्था और मजबूत होगी तथा नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास बढ़ेगा।

### व्यापारियों को मयस्सर नहीं हो सका नवीन मंडी स्थल

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** नगर के व्यापारियों की वर्षों पुरानी समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। आजादी के बाद से लगातार मंडी समिति शुल्क जमा करने के बावजूद व्यापारियों को अब तक सरकारी नवीन मंडी स्थल का लाभ नहीं मिल सका है, जिससे उनमें रोष बढ़ता जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि वे नियमित रूप से मंडी शुल्क अदा करते आ रहे हैं और उन्हें मंडी स्थल पर दुकान नंबर भी आवंटित किए जा चुके हैं, लेकिन हकीकत यह है कि उन्हें अब तक जमीन पर कब्जा नहीं मिल पाया। इसके चलते व्यापारी इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं और अस्थायी व्यवस्थाओं में अपना व्यवसाय संचालित कर रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि संबंधित विभाग की उदासीनता के कारण यह समस्या कई वर्षों से लंबित है। उनका कहना है कि यदि समय रहते नवीन मंडी स्थल पर कब्जा दिला दिया जाए तो वे व्यवस्थित ढंग से व्यापार कर सकेंगे और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द नवीन मंडी स्थल पर दुकानें आवंटित कर कब्जा दिलाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

## गुत्थी उलझी

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** थाना ललिया क्षेत्र के रसईपुरवा गांव में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, लक्ष्मी देवी (20) पत्नी दीपक वर्मा मंगलवार रात भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई थीं। बुधवार सुबह काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों को आशंका हुई।

ससुर अमृतलाल ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो लक्ष्मी देवी का शव छत के कुंडे से दुपट्टे के सहारे लटकता मिला।

घटना के समय पति दीपक वर्मा रोजी-रोटी के सिलसिले में घर से बाहर बताया जा रहा है। महिला का विवाह लगभग एक वर्ष पूर्व हुआ था। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मृतका का मायका थाना पचपेड़वा क्षेत्र के वीरपुर गांव में बताया जा रहा है।

# मिशन शक्ति के बारे में दी जानकारी

**करनैलगंज, अमृत विचार :** प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने निर्देशन में गुरुवार को कोतवाली करनैलगंज पुलिस, एंटी रोमियो एवं मिशन शक्ति टीम ने कस्बा करनैलगंज सहित विभिन्न भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया। टीम ने मौर्य नगर चौराहे पर महिलाओं, बालिकाओं एवं अन्य लोगों को एकत्रित कर मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों की जानकारी दी और महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों जैसे छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न, बाल अपराध एवं एसिड अटैक की रोकथाम के प्रति सतर्क रहने की अपील की। इस दौरान टीम ने शासन द्वारा संचालित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी, जिनमें 112 आपातकालीन सेवा, 1090 महिला हेल्पलाइन, 181 घरेलू हिंसा सहायता और 1930 साइबर हेल्पलाइन शामिल हैं। साथ ही प्रत्येक थाने पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

# समय सीमा में पूरा हो विवि का निर्माण कार्य : डीएम

**बलरामपुर :** जनपद की महत्त्वाकांक्षी परियोजना 'माँ पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय' के निर्माण कार्यों का गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और व्यवस्थाओं को परखा तथा कार्यदायी संस्था को मुख्यमंत्री द्वारा निर्धारित समयसीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने विश्वविद्यालय परिसर में निर्माणाधीन एकेडमिक ब्लॉक, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक एवं छात्रावास (हॉस्टल) का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह परियोजना जनपद के शैक्षिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसे शीर्ष प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का निरीक्षण करते डीएम।

### गर्मी में बढ़ता अग्निकांड का खतरा सतर्क रहें व सुरक्षित रहें : डीएम

बलरामपुर। तेजी से बढ़ती गर्मी और पछुआ हवाओं के चलते जनपद में अग्निकांड की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से एडवाइजरी जारी कर आमजन को सावधानी बरतने की अपील की है। डीएम ने कहा कि गर्मी के मौसम में तेज हवाओं के कारण गांवों में आग लगने की घटनाएं तेजी से फैलती हैं, जिससे घर, खेत, खलिहान और पशुधन को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

### स्कूल चलो अभियान अंतर्गत निकाली रैली

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय तौधकियापुर शिक्षा क्षेत्र बेलसर में स्कूल चलो अभियान के तहत जन जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख अजीत सिंह रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक-शिक्षकों ने मां सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ रैली निकालकर लोगों को जन जागरूकता संदेश दिया। इस दौरान अभिभावकों से कहा कि शिक्षा अनमोल रतन है आप सब अपने बच्चों का निकटतम प्राथमिक विद्यालयों में प्रवेश दिलाए। आप सब अवगत है कि प्राथमिक विद्यालयों में सरकार कॉपी – किताब, मध्याह्न भोजन, फल दूध आदि की व्यवस्था कर रही है उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा वह चाबी है जो सफलता का द्वार खोलती है।


### व्हाट्सएप स्टेटस पर तमंचा लहराते वीडियो वायरल

**गौरा चौकी, गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा अपने मोबाइल के व्हाट्सएप स्टेटस पर बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल चलाते हुए तमंचा लहराया जा रहा है। जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर थाना क्षेत्र के बक्सरिया गांव निवासी जितेंद्र वर्मा से पूछताछ की गई। बताया कि घर के बच्चे द्वारा इंस्टाग्राम में चल रहे वीडियो जिसकी आईडी काजल आई लव से मेरे व्हाट्सएप स्टेटस पर शेयर कर दिया गया। इस तरह का वीडियो लगाने की मेरी मंशा नही थी। जिस इंस्टाग्राम आईडी से असलहा लहराते वीडियो चल रहा है। उसकी जांच की जा रही है।

### ज्वाइंट टीम ने किया औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** यूरिया के गलत प्रयोग की जांच के लिए कृषि, उद्योग केन्द्र और गन्ना विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार को कुल 12 औद्योगिक इकाईयों का निरीक्षण किया। तहसील नवाबगंज में 3 इकाईयों दयाल इंडस्ट्रीज, सत्यम इंडस्ट्रीज, मोहम्मदपुर चौकी और श्याम टिम्बर, संदौली का निरीक्षण किया गया। दयाल इंडस्ट्रीज, मोहम्मदपुर चौकी में 118.653 मीट्रिक टन टेक्निकल ग्रेड यूरिया स्टॉक पाया गया और एक नमूना जांच के लिए लिया गया। तहसील फतेहपुर में 6 इकाईयों अमरधन, सोना गोल्ड एग्रोकेन, महाराष्ट्रा फीड्स, एसएमबीडी, सीपी मिल्क, विनी टिम्बर का निरीक्षण किया गया, जहाँ किसी भी इकाई में अनुदानित यूरिया का प्रयोग नहीं पाया गया।

### डॉ. निशांत ने बढ़ाया जनपद का मान



डॉ. निशांत पांडेय।

बलरामपुर। जनपद के होनहार सपूत डॉ. निशांत पांडेय ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा और उत्कृष्ट कार्यों के बल पर न सिर्फ जिले बल्कि देश-विदेश में भी अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। डॉ. निशांत पांडेय, बलरामपुर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. एन.के. पांडेय के सुपुत्र हैं। अपने पिता की सेवा, समर्पण और उत्कृष्टता की विरासत से प्रेरित होकर उन्होंने समाज के प्रति योगदान को अपना उद्देश्य बनाया है। उनकी उपलब्धियों का सिलसिला लगातार जारी है। उन्होंने अपनी लिखी किताब में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूल अवधारणाओं, मेडिकल, टेक्नोलॉजी और दैनिक जीवन में इसके उपयोग, ऑटोमेशन व डेटा एनालिसिस, स्मार्ट ऐप्स, फायदे, चुनौतियां और भविष्य की संभावनाओं को सरल भाषा में समझाया है, ताकि छात्र, प्रोफेशनल्स और आम लोग इसे अपने जीवन व करियर में प्रभावी रूप से अपनाकर आगे बढ़ सकें। वर्ष 2025 में उन्हें प्रतिष्ठित 'नेताजी स्मृति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया, वहीं 'हाइट ऑफ सक्सेस' संस्था द्वारा 'राइजिंग स्टार' के रूप में नामित किया जाना उनकी प्रतिभा और मेहनत का प्रमाण है। प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनके नवाचार और नेतृत्व को 'लेजेंडरी पीस अवार्ड काउंसिल' ने भी सराहा है, जहां उन्हें सूचना प्रौद्योगिकी में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त 'मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड ग्लोबल आइकन अवार्ड' से नवाजे जाने के पीछे उनकी पेशेवर उपलब्धियों के साथ-साथ समाजसेवा के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता भी रही है।

### ध्रुव की भक्ति का प्रसंग सुन श्रद्धालु भावविभोर

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** नवाबगंज गिर्द के मजहनपुरवा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथावाचक पं. हनुमान शरण तिवारी ने ध्रुव एवं अजामिल की कथा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति और नाम-स्मरण का महत्व बताया। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि सच्ची श्रद्धा और भगवान के प्रति अटूट विश्वास से असंभव भी संभव हो जाता है। उन्होंने ध्रुव की कथा सुनाते हुए बताया कि बालक ध्रुव ने पिता की उपेक्षा से आहत होकर वन में कठोर तपस्या की। उनकी अटूट भक्ति और दृढ़ संकल्प से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उन्हें दर्शन दिए और ध्रुव को अटल स्थान (ध्रुव तारा) प्रदान किया। कथा के अंत में मुख्य यजमान बाबूराम तिवारी ने अपनी पत्नी शिवकुमारी देवी के साथ व्यास पीठ का विधिवत पूजन-अर्चन कर आरती उतारी।

### बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**जरवा, बलरामपुर, अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र गैसड़ी के उच्च प्राथमिक विद्यालय जरवा में 'स्कूल चलो अभियान' के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर गांववासियों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। रैली के दौरान बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर 'सब पढ़ें, सब बढ़ें' जैसे प्रेरक नारे लगाए और गांव के विभिन्न मोहल्लों में भ्रमण कर अभिभावकों को अपने बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शकील खान ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों में बच्चों को नि:शुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। साथ ही नि:शुल्क पाठ्य-पुस्तकें, ड्रेस, बैग, मध्याह्न भोजन तथा सुरक्षित वातावरण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश ने बताया कि विद्यालय बच्चों के बौद्धिक, शारीरिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान महेंद्र तिवारी, आसिफ सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। सभी ने मिलकर अधिक से अधिक बच्चों के नामांकन का संकल्प लिया।



## राष्ट्रीय

# ट्रंप ने ईरान के खतरे को खत्म बताया तो तेहरान ने मिसाइलें दागकर दिया जवाब

## इजराइल और खाड़ी देशों को निशाना बनाया, कहा- अभी हथियारों का पर्याप्त भंडार

दुबई, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान का खतरा लगभग खत्म हो चुका है और युद्ध जल्द ही खत्म हो जाएगा लेकिन इसके बाद ईरान ने बृहस्पतिवार को इजराइल और खाड़ी के अरब देशों पर और मिसाइलें दागकर साफ किया कि वह फिलहाल अपने हमले रोकने नहीं जा रहा है।

ईरानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम जुल्फिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि तेहरान के पास अभी काफी छिपे हुए हथियार, गोला-बारूद और उत्पादन सुविधाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा, जिन केंद्रों को आप निशाना बनाने का दावा करते हैं, वे महत्वहीन हैं और हमारा रणनीतिक सैन्य उत्पादन ऐसे स्थानों पर होता है जिनकी आपको कोई जानकारी नहीं है और आप वहां कभी नहीं पहुंच सकते। इससे पहले, ट्रंप ने जोर देकर कहा था कि इस जलडमरूमध्य को बलपूर्वक खोला जा सकता है लेकिन यह काम अमेरिका का नहीं है। अमेरिकी जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने होर्मुज से गुजरने वाले तेल पर निर्भर देशों से देर से सही, हिम्मत दिखाने और इसे अपने कब्जे में लेने की अपील की। ट्रंप ने दावा किया था कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई इतनी निर्णायक रही है कि सबसे शक्तिशाली देशों में से एक माने जाने वाले ईरान से अब वास्तव में कोई खतरा नहीं रहा। ईरान ने बृहस्पतिवार को ही ट्रंप के भाषण का दृढ़ता से जवाब दिया और इजराइल के साथ खाड़ी देशों पर कई मिसाइल हमले किए।

पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों और होर्मुज जलडमरुमध्य पर उसके नियंत्रण से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई है, जिसका असर पश्चिम एशिया के साथ दुनियाभर में लगातार बढ़ता जा रहा है।


इजराइल के तेल अवीव में ईरान की मिसाइल गिरने के बाद उठता धुआं।

### अमेरिका से लड़ने के लिए 70 लाख ईरानी तैयार

**तेहरान।** ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर कालीबाफ ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि 70 लाख ईरानी किसी भी अमेरिकी जमीनी आक्रमण के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार हैं। कालीबाफ ने युद्ध की शुरुआत से ही अमेरिका को चुनौती देने वाली कई पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा की हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, एक हफ्ते से भी कम समय में पूरे देश में एक बड़ा अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग 70 लाख ईरानी सामने आए और कहा कि वे हथियार उठाकर अपने देश की रक्षा के लिए तैयार हैं। सोशल मीडिया पर कई दिन से इस दावे के संबंध में पोस्ट की जा रही हैं। इस दावे का उल्लेख करने वाले कालीबाफ पहले उच्चस्तरीय अधिकारी हैं।

# जल्द से जल्द इराक छोड़ें सभी अमेरिकी नागरिक

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने गुरुवार को इराक में मौजूद अपने नागरिकों से तुरंत देश छोड़ने की अपील की है।

- **अमेरिकी दूतावास ने अपील की, अगले 24 घंटों में बगदाद में हमलों की आशंका जताई**

दूतावास के बयान के अनुसार, ईरान समर्थक समूहों द्वारा मध्य बगदाद में स्थित विदेशी राजनयिक मिशनों पर हमले की धमकियों के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। दूतावास ने कहा, ईरान से जुड़े इराकी आतंकवादी समूह अगले 24-48 घंटों के भीतर मध्य बगदाद में हमले कर सकते हैं। ईरान और उससे जुड़े आतंकवादी गुटों ने पूरे इराक में अमेरिकी नागरिकों और अमेरिका से जुड़े ठिकानों पर व्यापक हमले किए हैं, जिनमें इराकी कुर्दिस्तान क्षेत्र भी शामिल है। बयान में चेतावनी दी गई है कि ईरान समर्थित ये आतंकवादी समूह इराक में अमेरिकी नागरिकों, व्यवसायों, विश्वविद्यालयों, राजनयिक मिशनों, ऊर्जा केंद्रों, होटलों और हवाई अड्डों को निशाना बना सकते हैं।

राजनयिक मिशन ने एक्स पर लिखा, इराकी सरकार अपने क्षेत्र में या वहां से होने वाले आतंकवादी हमलों को रोकने में विफल रही है। ईरान समर्थित आतंकवादी समूह इराकी सरकार से जुड़े होने का दावा कर सकते हैं। आतंकवादी ऐसे पहचान पत्र भी दिखा सकते हैं जिनसे वे इराकी सरकार के कर्मचारी प्रतीत होते हों।

### उत्तरी इंडोनेशिया के जलक्षेत्र में भूकंप से उठीं सुनामी की लहरें

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के जलक्षेत्र में बृहस्पतिवार को आए भूकंप से सुनामी की छोटी लहरें उठीं, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और इमारतों को नुकसान पहुंचा। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप की तीव्रता 7.4 थी और इसका केंद्र मोलूका सागर में 35 किलोमीटर की गहराई पर था। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकी एजेंसी के अनुसार, भूकंप के आधे घंटे से भी कम समय में कई निगरानी केंद्रों में सुनामी की लहरें दर्ज की गईं, जिनमें बिटुंग में आठ इंच और पश्चिम हलमाहेरा में एक फुट ऊंची लहरें शामिल हैं।

### गायक जुबिन गर्ग की मौत मामले की जांच पूरी : सिंगापुर पुलिस

**सिंगापुर।** सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) ने पुष्टि की है कि 19 सितंबर 2025 को सिंगापुर में हुई गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले में जांच पूरी हो गई है और इसमें किसी भी तरह की साजिश या आपराधिक कृत्य के सबूत नहीं मिले हैं। बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया कि सिंगापुर के 'कोरोनर्स एक्ट, 2010' के तहत एसपीएफ ने मामले की गहन जांच की, उपलब्ध सबूतों की पड़ताल की और सभी संबंधित गवाहों के बयान दर्ज किए। एसपीएफ ने कहा कि यह बयान मीडिया के सवालों के जवाब में जारी किया गया है और आमजन को ऐसी टिप्पणियां करने से बचने की सलाह दी गई है जो अदालत के फैसले या न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाती हों।

### इजराइल के मृत्युदंड कानून के खिलाफ मुस्लिम देश एकजुट

**अबू धाबी, एजेंसी।** अरब और मुस्लिम देशों के एक शक्तिशाली गुट ने एकजुट होकर इजराइल के नवीनतम कानूनी कदम की तीखी निंदा की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अधिकृत पश्चिम तट में मृत्युदंड की शुरुआत बेहद गंभीर और खतरनाक है, जिसके क्षेत्रीय स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय कानून पर दूरगामी परिणाम होंगे। संयुक्त अरब अमीरात, जॉर्डन, तुर्की, मिस्र, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, सऊदी अरब और कतर के विदेश मंत्रियों ने एक कड़े शब्दों वाले संयुक्त बयान में इजराइली संसद नेसेट के पारित कानून की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह प्रभावी रूप से फिलिस्तीनियों के खिलाफ मृत्युदंड का मार्ग प्रशस्त करता है और अधिकृत फिलिस्तीनी क्षेत्र में भेदभाव को और गहरा करता है। मंत्रियों ने आगाह किया कि इस कदम से क्षेत्र में तनाव और बढ़ सकता है, शांति स्थापित करने के लिए कि जा रहे कमजोर प्रयासों को और नुकसान पहुंचा सकता है और पहले से ही बदहाल हालात और ज्यादा खराब हो सकते हैं।

### जापान-फ्रांस ने परमाणु ऊर्जा सहयोग पर घोषणा पत्र पर किए हस्ताक्षर

**टोक्यो।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की जापान की दो दिवसीय यात्रा के दौरान दोनों देशों ने परमाणु ऊर्जा के विकास पर एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। जापानी प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के साथ बुधवार को एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में मैक्रों ने कहा, हमने नागरिक परमाणु ऊर्जा पर एक घोषणापत्र अपनाया है। परमाणु ऊर्जा कार्बन उत्सर्जन कम करने और संप्रभुता की रणनीति के केंद्र में है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि दोनों देश संयुक्त परियोजनाओं के माध्यम से दोनों देश साझेदारी को विकसित करना जारी रखेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों को 2050 तक अगली पीढ़ी के परमाणु रिएक्टर मिलने की उम्मीद है।

### यशोदा और कृष्ण... राजा रवि वर्मा की पेंटिंग 167.20 करोड़ रुपये में बिकी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रख्यात भारतीय चित्रकार राजा रवि वर्मा की पेंटिंग 'यशोदा और कृष्ण' बुधवार को मुंबई में सैफ्रोनआर्ट की स्प्रिंग लाइव नीलामी में रिकॉर्ड 167.20 करोड़ रुपये यानी 17,978,495 अमेरिकी डॉलर में बिकी। इस पेंटिंग ने पिछले साल एक नीलामी में 118 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत में बिकने वाली एमएफ हुसैन की अनाम (ग्राम यात्रा) पेंटिंग के बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। राजा रवि वर्मा की इस कृति का अनुमानित मूल्य 80-120 करोड़ रुपये था और इसे सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक डॉ. साइरस एस पूनावाला ने खरीद लिया।

### चलो चांद पर चलें.... 50 साल बाद चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर रवाना हुआ नासा का मिशन



**केप कैनवेरल।** अमेरिका से बुधवार को चार अंतरिक्ष यात्री चांद की ओर रवाना हुए। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के इस मिशन के तहत करीब 50 बाद चांद पर इंसान अपने कदम रखने जा रहे हैं। नासा दो साल से इस मिशन की तैयारी कर रहा था। आर्टेमिस 2 के कमांडर रीड वाइजमैन ने 'चलो चांद पर चलते हैं!' के घोष के साथ अंतरिक्ष की ओर इस अभियान की अगुवाई की। उनके साथ पायलट विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और कनाडा के जेरेमी हैनसेन थे। यह चांद पर स्थायी मौजूदगी स्थापित करने की दिशा में नासा का अब तक का सबसे बड़ा कदम है।

## न्यूज ब्रीफ

### हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारे का आयोजन

**जमुनहा, श्रावस्ती।** हनुमान जन्मोत्सव पर गुरुवार को लार्ड कृष्णा इंटर कालेज पटना मल्हीपुर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगो ने पवन पुत्र हनुमान जी की आराधना कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर समिति के सुरेंद्र कुमार, विनोद त्रिवेदी, आदर्श मिश्रा, शिवम मिश्रा, अवध नंदन श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्ताव तथा भगौती प्रसाद समेत कई लोग मौजूद रहे।

### आग से पांच बीघा फसल जलकर राख

**बदला चौराहा, श्रावस्ती।** हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के ग्राम रानीसीर के मजरा बेगमपुर गांव पश्चिम मे अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत मे आग लग गई। इसकी चपेट में आने से मानोडीह निवासी गड्डे पुत्र बहादुर का दो बीघा, सुकई पुत्र ओरी का छह बीघा, मुलिम पुत्र साकिर का एक बीघा, कलीम पुत्र साकुर का दो बीघा फसल जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुंचे हलका लेखपाल ने क्षति का आकलन कर उच्च अधिकारी को रिपोर्ट भेजा है।

### स्टेपलर तकनीक से किया ऑपरेशन

**बहराइच, अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग ने चिकित्सा के क्षेत्र में अहम उपलब्धि हासिल की है। लंबे समय से पाइल्स की बीमारी से पीड़ित 40 वर्षीय मरीज गोपीनाथ का अत्याधुनिक स्टेपलर तकनीक के माध्यम से डॉ. राहुल अग्रवाल की टीम द्वारा सफल ऑपरेशन किया गया। डॉ. राहुल अग्रवाल और डॉ. सैयद ने बताया कि मरीज ग्रेड 4 पाइल्स से ग्रसित था, जिसके लिए इस आधुनिक स्टेपलर विधि को अपनाया गया।

# दिन भर हुए अनुष्ठान, मंदिरों में भक्तों ने किया सुंदरकांड पाठ

## हनुमान जयंती की भक्तिमय रहा वातावरण, आज सजेगा बालाजी का दरबार


हनुमान जी की प्रतिमा। अमृत विचार



हनुमान जयंती पर किया गया प्रसाद का वितरण। अमृत विचार

संवाददाता पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र में हनुमान जयंती का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों में बजरंगबली के जयकारों के बीच सुबह से ही अनुष्ठानों का दौर शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। भूपगंज बाजार के मंदिरों में कहीं अखंड कीर्तन हुआ तो कहीं सुंदरकांड के पाठ से वातावरण मंगलमय हो गया।

भूपगंज बाजार स्थित त्रिदेव मंदिर में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में अखंड सीताराम जप का आयोजन किया गया। जाप की गूंज से आसपास का क्षेत्र भक्ति के रंग में सराबोर दिखा। वहीं, पंचायती मंदिर में सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

उत्सव के दौरान जगह-जगह प्रसाद वितण और भंडारे का सिलसिला चलता रहा। भूपगंज बाजार में दीनू बाबा के सौजन्य से विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने पहुंचकर कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। सेवादारों ने देर शाम तक भक्तों को प्रसाद वितरित किया।

**रामलीला मैदान में जुटेगी भक्तों की भारी भीड़:** कार्यक्रम के आयोजक अनूप अग्रवाल ने बताया कि उत्सव का मुख्य आकर्षण आज भूपगंज स्थित रामलीला मैदान में देखने को मिलेगा। यहाँ गोंडा महाराज के सानिध्य में बालाजी महाराज का विशाल कीर्तन एवं दिव्य दरबार सजाया जाएगा। दरबार में अर्जी लगाने और कीर्तन का आनंद लेने के लिए सुदूर क्षेत्रों से हजारों भक्तों के पहुंचने की उम्मीद है। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है।

### हनुमान जयंती पर भव्य आयोजन के साथ गुरुकुल पब्लिक स्कूल में नए सत्र का हुआ शुभारंभ

**बहराइच, अमृत विचार।** गुरुकुल पब्लिक स्कूल में नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ चैत्र मास की पूर्णिमा एवम पावन पर्व हनुमान जयंती के अवसर पर भव्य यज्ञ एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। यज्ञ में विद्यालय के संस्थापक एवं प्रबंधक एवम विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत के प्रांत कार्याध्यक्ष राजदेव सिंह जी मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन में विधि-विधान से हवन संपन्न कराया गया। यज्ञ को विद्वान यज्ञाचार्यों द्वारा विभिन्न वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ विधिपूर्वक सम्पन्न कराया गया, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और हवन में आहुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से पूरे परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को नए सत्र के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# छात्रवृत्ति से वंचित छात्रों को दोबारा मिलेगा मौका

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** छात्रवृत्ति से वंचित छात्रों को दोबारा मौका मिलेगा। साथ ही अब ट्रांसजेंडर को भी इसका लाभी दिया जाएगा। इसके लिए समाज कल्याण विभाग दोबारा पोर्टल खोलेगा। यह जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी अमरनाथ यति ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में छूटे छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई है। किसी भी कारणवश छात्रवृत्ति से वंचित रह गए छात्रों के लिए एक बार फिर पोर्टल खुलेगा, ताकि सभी छात्र-छात्राएं दोबारा आवेदन कर छात्रवृत्ति का लाभ उठा सकें। इसका लाभ सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को मिलेगा। पिछले वर्ष छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं के तहत विभाग ने पोर्टल खोला था। इसके माध्यम से 53041 छात्रों को 81.12 करोड़ रुपये की धनराशि दी गई थी। इन योजनाओं के तहत अनुसूचित जाति के 25395 छात्रों को 30.65 करोड़ रुपये, सामान्य वर्ग के 27646 छात्रों को 50.47 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है।

# युवक ने पूर्व पत्नी को बाइक से घसीटा, हालत गंभीर

संवाददाता बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के नानपारा कोतवाली इलाके में एक युवक की ओर से अपनी पूर्व पत्नी के साथ मारपीट करने व उसे जान से मारने की नियत से बाइक से घसीटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। वही युवक ने आरोपों को गलत बताया है। रामगांव थाना क्षेत्र के रहने वाले रईस का एक वर्ष पूर्व नानपारा इलाके की रहने वाली रेशमा नाम की युवती से निकाह हुआ था। लेकिन पति पत्नी में अनबन के कारण रईस ने बीते जनवरी माह में उसे तलाक दे दिया जिसके बाद वो अपने मायके में रह रही थी। बुधवार की शाम युवक रायपुर में रहने वाली अपनी बहन के घर से वापस आ रहा था। तभी लक्ष्मण पुर मतेही ग्राम के पास उसकी पूर्व पत्नी रेशमा से मुलाकात हो गई। इसी दौरान दोनों में तकरार शुरू हो गई, जिसके बाद युवक ने बाइक के सामने खड़ी रेशमा के ऊपर बाइक चढ़ाते हुए उसे घसीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आस पास के लोग दौड़े इस दौरान रईस भी वाहन समेत गिर पड़ा। इस दौरान रेशमा गंभीर रूप से घायल हो गई। नानपारा थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर युवक के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

# बच्चों ने नृत्य और नाटक से मोहा मन



बच्चों को परीक्षाफल वितरित करते शिक्षक। अमृत विचार

**पयागपुर, बहराइच।** पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय गंभीरवा बाजार में परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एवं विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष जब्बार के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करने के पश्चात् वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। विशिष्ट अतिथि पूर्व एबीआरसी राजेश कुमार मिश्रा, विकास क्षेत्र के एआरपी कुमार अभय ने बच्चों में परीक्षा फल वितरण किया। जिसमें बच्चों के द्वारा भारत का झंडा ऊंचा रहे हमारा नशा के विरुद्ध उन्मूलन सर्व शिक्षा अभियान समग्र शिक्षा अभियान स्कूल चलो रैली कार्यक्रम का नृत्य नाटक कर बच्चों ने उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष ने उपस्थित अभिभावकों से अपील की कि जो भी नामांकित बच्चे हैं आप सभी अपने बच्चों को विद्यालय में प्रतिदिन पढ़ने के लिए भेजें वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व एबीआरसी राजेश मिश्रा ने कहा कि नवीन पुस्तकें सभी बच्चों को शीघ्र ही मिल जाएंगी वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन व संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक रजनीश पाठक ने किया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि जो भी बच्चे छह वर्ष पूरा कर रहे हैं उन बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराना है जिससे उनको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सके मुख्य अतिथि कुमार अभय ने कहा क़ि जो बच्चे अपनी कक्षा में उत्तीर्ण हो गए हैं। वे अपना नामांकन किसी माध्यमिक विद्यालय में करा करके अच्छे से अध्ययन करें।

# एसडीएम के अड़ियल रवैये से भड़के किसान


जनसमस्याओं को लेकर डीएम को पत्र भेजते लोग। अमृत विचार

**पयागपुर, बहराइच।** विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर पयागपुर तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) का धरना गुरुवार को चौथे दिन तीखे तेवरों के साथ स्थगित हो गया। किसानों ने उपजिलाधिकारी पर तानाशाही और संवेदनहीनता का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। यूनियन ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि एसडीएम को पद से नहीं हटाया गया तो जल्द ही जिले स्तर पर बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा यूनियन के नेता आनंद किशोर "गुड्डू" ने बताया कि किसान 30 मार्च से तहसील परिसर में खुले आसमान के नीचे बैठे हैं। आरोप है कि चार दिन बीत जाने के बाद भी उपजिलाधिकारी अश्वनी पांडेय ने आंदोलनकारियों से संवाद करना उचित नहीं समझा। न तो अधिकारी स्वयं धरना स्थल पर आए और न ही किसानों को वार्ता के लिए बुलाया। प्रशासन के इस अड़ियल रुख ने आग में घी डालने का काम किया है बता दें कि धरने के पहले दिन नायब तहसीलदार को 17 बिंदुओं का ज्ञापन सौंपा गया था। इसमें 10 मुद्दे सीधे तहसील प्रशासन और 7 अन्य विभागों से संबंधित थे। भाकियू का आरोप है कि प्रशासन ने केवल गल्ला मंडी के सचिव को बुलाकर खानापूर्ति की जबकि सिंचाई, राजस्व और बिजली जैसे मुद्दों पर वार्ता नहीं कराई गई। किसान नेता प्रमोद तिवारी ने बताया प्रशासन हमें आंदोलन को मजबूर कर रहा है।

# लारेंस गैंग के नाम पर व्यापारी से मांगी रंगदारी

- पांच लाख रुपये न देने पर जान से मारने की दी धमकी

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के मिहींपुरवा बाजार के रहने वाले सर्राफा व्यापारी चंद्र मोहन सोनी एवं उनके पुत्र युवराज सोनी को किसी अज्ञात व्यक्ति ने पत्र भेजकर लॉरेंस गैग के नाम पर पांच लाख की रकम की मांग की है। इसके साथ न देने पर जान से मारने की धमकी दी है। चंद्रमोहन की बाजार में जगदीश ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। बुधवार को उनके दुकान पर अज्ञात व्यक्ति की ओर से एक धमकी भरा पत्र व 315 बोर का कारतूस फेंका गया जिसमें लिखा था कि तुमने विश्नोई समाज का अपमान किया है। इस लिए तुम्हे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। पत्र में अनमोल विश्नोई के नाम के जिक्र के साथ कहा गया कि अगर तुमने पांच लाख रुपए नहीं दिए तो तुम्हे मार दिया जाएगा। पत्र मिलने के बाद व्यापारी का परिवार काफी भयभीत है।

थाना प्रभारी मोतीपुर ने बताया कि व्यापारी ने सूचना दी है मामले की जांच की जा रही है जल्द ही इसमें शामिल लोगों को गिरफ्तार किया जायेगा।

# महिलाओं ने जिलाधिकारी से किया संवाद


कलेक्ट्रेट में डीएम से संवाद करतीं महिलाएं। अमृत विचार

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** मिशन शक्ति के द्वितीय चरण में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हक की बात, डीएम के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला ग्राम प्रधानों, कार्यालयों में कार्यरत महिलाओं ने डीएम से संवाद कर उनके दैनिक कार्यो की जानकारी ली। इस दौरान बेहतर कार्य करने वाली महिलाओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने कहा कि यदि उनकी कोई समस्या या शिकायत हो तो बेझिझक बताये उसका निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान महिलाओं व छात्राओं ने अपनी समस्या बताते निस्तारण कराने की मांग की। इस पर डीएम ने जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुमताज को कार्रवाई कर अवगत कराने का निर्देश दिया। उन्होंने ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। सभी महाविद्यालय, विद्यालय व ग्राम पंचायत स्तर पर मिशन शक्ति से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस दौरान महिला थाना प्रभारी पुष्पलता, सरिता त्रिपाठी, कुसुम श्रीवास्तव सहित कई महिला ग्राम प्रधान, पीड़ित महिलाएं व छात्राएं मौजूद रहीं।


पीड़ित परिवार को अहेतुक सहायता राशि का चेक देते एसएसबी कमांडेंट। अमृत विचार

### बच्चों के परिजनों को दी अहेतुक सहायता

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** इकौना के ग्राम जगरवाल गढ़ी गांव के दो चचेरे भाई की 29 मार्च नदी में डूबने से मौत हो गई थी। जिनके परिजनों को एसएसबी की ओर से चार चार लाख रुपए की अहेतुक सहायता प्रदान की गई। एसएसबी 45वीं वाहिनी वीरपुर (बिहार) में तैनात मुख्य आरक्षी राजेश यादव के पुत्र अनिल यादव (14) व उनके भतीजे सूरज यादव (13) की नदी में डूबने से मौत हो गई थी। डीएम अश्विनी कुमार पांडे की ओर से पीड़ित परिवार को अहेतुक सहायता प्रदान देने के लिए अनुमोदन किया गया था। ऐसे में बुधवार को एसएसबी 62वीं वाहिनी भिनगा के कमांडेंट अमरेंद्र कुमार वरुण ने शोकाकुल परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की। साथ ही परिवार को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान डीएम के सहयोग से कमांडेंट ने दोनों परिवार को चार चार लाख रुपए की अहेतुक सहायता राशि प्रदान किया। जिससे इस कठिन समय में परिवार को कुछ राहत मिल सके।

# विचारों की दृढ़ता ही संगठन की बड़ी शक्ति

जरवलरोड, बहराइच



प्रशिक्षण के दौरान सम्मानित किए गए लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विधानसभा कैसरगंज के मण्डल जरवल में आयोजित दो दिवसीय पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण वर्ग जरवलरोड स्थित ब्लाक प्रमुख जरवल विपेन्द्र प्रताप सिंह के प्रतिष्ठान पर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा रात्रि प्रवास किया गया तथा प्रातः जागरण के पश्चात सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए शारीरिक एवं मानसिक सुदृढ़ता का संदेश दिया। समापन सत्र में पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने विषयगत वैचारिक अधिष्ठान पर आधारित ओजस्वी उद्बोधन देते हुए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि विचारों की दृढ़ता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है, और यही भावना राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा प्रदान करती है। उनके विचारों ने संगठन के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं राष्ट्रसेवा की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया। प्रशिक्षण में जिला महामंत्री सुवेद वर्मा, ब्लॉक प्रमुख जरवल वीपेंद्र प्रताप सिंह मण्डल अध्यक्ष मुकेश जायसवाल की विशेष भूमिका रही तथा इस दौरान ऋषि राजपूत, सुनिधि देव मिश्रा, सौरभ पाण्डेय, रामदीन चौहान, मनोज राव, राम सिंह वर्मा, ओम चन्द वर्मा, उदयराज गौतम, कमल राजपूत, रामराज शर्मा, सूरज शुक्ला, सुरेश शुक्ला, गंगा सिंह, मोनू, प्रवीन कुलश्रेष्ठ, राम प्रताप वर्मा, छैल बिहारी सिंह, दिनेश वर्मा, लक्ष्मण कुशवाहा, विन्दे राव, विक्रम राव, अनिल वर्मा, सुरेश वर्मा, रामराज शर्मा, शिवनायक सिंह पम्मी कुमारी, रूक्मिणी सिंह, सहित सभी सेक्टर संयोजक, प्रभारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण वर्ग संगठनात्मक सुदृढ़ता, अनुशासन एवं कार्यकर्ताओं के बौद्धिक एवं शारीरिक विकास की दृष्टि से सफल सिद्ध हुआ।

### शिक्षा है अनमोल रतन, पढ़ने का सब करो जतन


सिरसिया में स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाते ब्लॉक प्रमुख व अन्य।

**सिरसिया, श्रावस्ती।** जूनियर हाईस्कूल सिरसिया परिसर स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र से गुरुवार स्कूल चलो अभियान रैली निकली गई। इसे ब्लॉक प्रमुख सिरसिया अमित कुमार सिंह व खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान रैली में मौजूद बच्चों ने आधी रोटी खाएंगे, जम भी पढ़ने जायेंगे। शिक्षा है अनमोल रतन, पढ़ने का सब करो जतन आदि स्लोगनों के माध्यम से लोगों को अपने छह से 14 वर्ष तक के बच्चों को अनिवार्य रूप से स्कूल भेजने की अपील की। साथ ही विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर बीडीओ ने नव प्रवेशित बच्चों को स्कूल किट प्रदान की गई। इस दौरान ग्राम प्रधान सिरसिया सुनील सिंह, प्रधानाध्यापक दिनेश प्रताप सिंह, नीतू, मांडवी मिश्रा, एआरपी नरेंद्र प्रताप सिंह, महेश शुक्ल, दिनेश प्रजापति, राहुल, अनिल, सुनील श्रीवास्तव, कपिल, करुणेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मार्ग दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल

**इकौना, श्रावस्ती।** इकौना थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम हुई दो अलग अलग मार्ग दुर्घटना में बाइक व कार सवार तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम गणेशीजोत निवासी हरिओम विश्वकर्मा (18) पुत्र श्रवण बुधवार देर शाम बहराइच के थाना पयागपुर क्षेत्र के परसिया आलम गांव से बढ़ईगिरी का काम कर बाइक से अपने घर लौट रहा था। वहीं सामने से भिनगा कोतवाली क्षेत्र के सेमरी चौराहा निवासी सत्यम (17) पुत्र जग प्रसाद गुप्ता इकौना बाजार किराना का सामान लेने जा रहा था। भिनगा इकौना मार्ग स्थित राप्ती नदी के आंधपुरवा पुल के समीप पहुंचते ही दोनों बाइकों में आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गई। घटना में दोनों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी इकौना में भर्ती कराया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया गया। वहीं एक अन्य घटना में बुधवार देर रात बौद्ध परिपथ पर एक कार छुट्टा मवेशी को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हो इकौना थाना क्षेत्र के मोहनीपुर के पास पुलिया से टकरा गई। इस हादसे में कार चालक को मामूली चोटें आई हैं।

### ई-रिक्शा व बाइक की टक्कर में तीन घायल

**इकौना, श्रावस्ती।** नवीन मॉडर्न थाना कटरा के ग्राम राजगढ़ गुलहरिया निवासी मुन्नाराम (30) पुत्र कृपाराम बलरामपुर के देहात कोतवाली क्षेत्र के सहबरा गांव रिश्तेदारी में गए थे। वहां से वह ई-रिक्शा से गुरुवार घर वापस लौट रहे थे। वहीं इकौना थाना क्षेत्र के अकबरपुर निवासी दीपक द्विवेदी (27) पुत्र राजेंद्र प्रसाद तथा श्याम सिंह (30) पुत्र समय प्रसाद किसी कार्य से कल्ला भट्ठा बलरामपुर गए हुए थे, जहां से दोनों एक ही बाइक से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही दोनों वाहन कटरा के विश्व शांति घंटा पार्क के पास पहुंचे। तभी ई रिक्शा व बाइक में टक्कर हो गई।

**आयोजन** | जूनियर हाईस्कूल भिनगा में स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गयी रैली, आमजन को किया गया जागरूक

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों को किया गया सम्मानित

संवाददाता श्रावस्ती


प्रशस्ति-पत्र व स्कूल किट के साथ मौजूद शिक्षक, छात्र और अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जूनियर हाईस्कूल भिनगा में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ हुआ। इस दौरान बच्चों के नामांकन के लिए जागरूकता रैली निकली गई। इसकी शुरुआत डीएम, विधायक व सीडीओ ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जूनियर हाईस्कूल भिनगा आयोजित कार्यक्रम में श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय ने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। विद्यालयों में स्वच्छ वातावरण, शुद्ध पेयजल और क्रियाशील शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त ड्रेस, जूते-मोजे आदि के लिए डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खातों में पैसा भेजा जा रहा है, ताकि आर्थिक कारणों से किसी बच्चे की पढ़ाई बाधित न हो। दम अश्विनी कुमार पाण्डेय ने कहा कि जिले में 6 वर्ष या उससे अधिक आयु का कोई भी बच्चा विद्यालय से वंचित न रहे।

उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वह अपने बच्चों का नामांकन नजदीकी परिषदीय विद्यालयों में अनिवार्य रूप से कराएं। जिला प्रशासन शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए लगातार प्रयासरत है। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में पेयजल, शौचालय, स्मार्ट क्लास और फर्नीचर जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। सीडीओ शाहिद अहमद ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान का लक्ष्य अधिक से अधिक बच्चों को स्कूल से जोड़कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। क्योंकि शिक्षा समाज और देश के विकास की मजबूत नींव है। इस दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, नए प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल किट वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस मौके पर बीएसए अजय कुमार, जिला समन्वयक अजीत उपाध्याय, जिला सामान्यक बालिका नीलम, बीईओ अखिलेश कुमार, सतीश कुमार, अमित कुमार, राज किशोर, फूलचंद मौर्य, सपना सोनी सहित सैकड़ो शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।

अमृत विचार
अयोध्या, शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



# पेट्रोरसायन उत्पादों पर आयात शुल्क में छूट, 1800 करोड़ का पड़ेगा बोझ

## 30 जून तक प्लास्टिक, पैकेजिंग, वस्त्र, दवा, रसायन, मोटर वाहन घटकों को मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने गुरुवार को महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों के आयात पर तीन महीने यानी 30 जून तक सीमा शुल्क से छूट देने की घोषणा की।

पश्चिम एशिया में संकट के बीच आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित करने एवं उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए यह कदम उठाया गया है। इससे प्लास्टिक, पैकेजिंग, वस्त्र, दवा, रसायन, मोटर वाहन घटक तथा अन्य विनिर्माण क्षेत्रों जैसे पेट्रोरसायन कच्चा माल और मध्यवर्ती वस्तुओं पर निर्भर उद्योगों को लाभ मिलेगा। इस कदम से सरकारी खजाने पर लगभग 1,800 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा।

वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और उससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधान को देखते हुए सरकार ने 30 जून तक महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट देने का फैसला किया है। मंत्रालय ने कहा कि यह कदम एक अस्थायी एवं लक्षित राहत उपाय के रूप में उठाया गया है, ताकि घरेलू उद्योग के लिए आवश्यक पेट्रोरसायन कच्चे माल की उपलब्धता बनी रहे और प्रसंस्करण क्षेत्रों पर लागत का दबाव कम हो तथा देश में आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। इससे अंतिम उत्पादों के उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी।

मेथनॉल, एनहाइड्रस अमोनिया, टॉलुइन, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमिथेन (मेथिलीन क्लोराइड), विनाइल क्लोराइड मोनोमर, पॉली ब्यूटाडाइन, स्टाइरीन ब्यूटाडाइन और अनसैचुरेटेड पॉलिएस्टर रेजिन को सीमा शुल्क छूट दी गई है। भारत उर्वरक एवं पेट्रोलियम का बड़ा आयातक है। अमेरिका और इजराइल के 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य हमले शुरू करने और तेहरान की व्यापक जवाबी कार्रवाई के बाद वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।




● मेथनॉल, एनहाइड्रस अमोनिया, टॉलुइन, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमिथेन विनाइल क्लोराइड मोनोमर, पॉली ब्यूटाडाइन, स्टाइरीन ब्यूटाडाइन और अनसैचुरेटेड पॉलिएस्टर रेजिन को सीमा शुल्क छूट दी गई है।

## युवा उद्यमी योजना में आजमगढ़ दूसरे स्थान पर

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने में अहम साबित हो रहा है। जिलावार प्रदर्शन में जौनपुर ने 151.56 प्रतिशत उपलब्धि के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि आजमगढ़ 149.96 प्रतिशत के साथ दूसरे और हरदोई तीसरे स्थान पर रहा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना के तहत लक्ष्य से अधिक आवेदन आए और बड़े पैमाने पर युवाओं को लोन वितरित किया गया। प्रदेश में 1.5 लाख लोन वितरण के लक्ष्य के सापेक्ष 3,86,092 युवाओं ने आवेदन किया। इनमें से 3,30,441 आवेदन बैंकों को भेजे गए, जबकि 1,45,454 को स्वीकृति मिली।

अब तक 1,38,304 युवाओं को लोन वितरित किया जा चुका है। जौनपुर ने लक्ष्य से 151.56 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। जिले में 2,700 के लक्ष्य के मुकाबले 4,092 युवाओं को लोन मिला। प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाकर युवाओं को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ने का असर साफ दिखा। आजमगढ़ ने 149.96 प्रतिशत उपलब्धि के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जहां ब्लॉक स्तर पर वर्कशॉप और काउंसिलिंग से युवाओं को जोड़ा गया।

## रुपये में उछाल से सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा, निफ्टी 22,700 के पार

**मुंबई, एजेंसी।** स्थानीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी 22,713 अंक के ऊपर पार निकल गया। शेयरों की निचले स्तर पर लिवाली और रुपये में तेज बढ़त से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के निचले स्तर से 2,000 से अधिक अंक की वापसी करते हुए अंत में 185.23 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,319.55 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक गिरावट के साथ खुला और कारोबार के पहले भाग में 1,588 अंक टूटकर दिन के निचले स्तर 71,545.81 अंक पर आ गया। बैंकों में मजबूत लिवाली से सूचकांक को भारी नुकसान से उबरने में मदद मिली और कारोबार समाप्त होने से पहले यह 73,568.54 अंक के उच्च स्तर पर पहुंच गया।

## रक्षा निर्यात 62 फीसदी बढ़कर 38,424 करोड़ रुपये पर पहुंचा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में सालाना आधार पर 62 प्रतिशत से अधिक बढ़कर रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच पर जानकारी देते हुए कहा कि रक्षा निर्यात में यह बड़ी छलांग भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं पर बढ़ते वैश्विक भरोसे को दर्शाती है। देश रक्षा निर्यात में सफलता की शानदार कहानी लिख रहा है।

उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपये के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया है। यह गत वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में 62.66 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि है। रक्षा मंत्री ने कहा कि 14,802 करोड़ रुपये की इस बड़ी वृद्धि से भारत की स्वदेशी क्षमताओं और उन्नत विनिर्माण क्षमता पर वैश्विक भरोसा झलकता है।

उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि में रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) का योगदान 54.54 प्रतिशत और निजी उद्योग का योगदान 45.16 प्रतिशत रहा जो सहयोगात्मक एवं आत्मनिर्भर रक्षा तंत्र की ताकत को दर्शाता है। भारत का रक्षा निर्यात 2024-25 में 23,622 करोड़ रुपये और 2023-24 में 21,083 करोड़ रुपये रहा था।

## लंदन में 'झुमका बासमती' का वैश्विक आगाज

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** लंदन में 30 मार्च से 1 अप्रैल तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं पेय कार्यक्रम (आईएफई) में उत्तर प्रदेश ने कृषि उत्पादों का वैश्विक प्रदर्शन कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

खासकर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बरेली के गॉडसन ऑर्गेनिक फार्म का झुमका बासमती, हंसराज बासमती व तिलक चंदन जैसी पारंपरिक सुगंधित धान कई देशों को पसंद आया। बरेली की प्रसिद्ध लाल मिर्च, येलो चिली तथा अन्य उच्च गुणवत्ता वाले मसालों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, पोलैंड, चीन और अमेरिका के संस्थागत खरीदारों के साथ-साथ विश्वभर के प्रख्यात शेफ एवं पाक-कला विशेषज्ञों ने पारंपरिक जैविक किस्मों में गहरी रुचि दिखाई। इससे निर्यात की संभावना बढ़ गई। प्रदेश के पांच प्रमुख कृषि उत्पादकों ने राज्य की समृद्ध कृषि परंपरा और गुणवत्ता का परिचय दिया।

## कांग्रेस ने घुसपैठियों को सौंप दिया था काजीरंगा, राजग ने बचाया : शाह

**कालियाबोर (असम), एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राज्य में अपने 15 साल के शासन के दौरान असम के विकास के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने यहां चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विश्व प्रसिद्ध काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान को घुसपैठियों के हवाले कर दिया, जिन्होंने वन भूमि पर अतिक्रमण किया और एक सींग वाले गैंडों को खतरे में डाल दिया। उन्होंने कहा कि यह राजग सरकार थी जिसने अतिक्रमणकारियों को हटाया और यह सुनिश्चित किया कि काजीरंगा एक बार फिर विश्व पर्यटन मानचित्र पर आए। कहा कि कांग्रेस शासन में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह असम से राज्यसभा सदस्य थे, लेकिन न तो उस समय की केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकार ने इसके लिए कुछ किया। दो दिवसीय दौरे पर आए शाह ने कालियाबोर में भाजपा के सहयोगी दल असम गण परिषद (एजीपी) के उम्मीदवार और मंत्री केशव महंत के लिए प्रचार किया।





# सिंहपुर माधवनगर वार्ड में सड़कें बदहाल, गदंगी का अंबार

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** जहांगीरगंज नगर पंचायत के वार्ड संख्या 4 मोहल्ला सिंहपुर माधवनगर में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है। क्षेत्र की सडक़ों की हालत इतनी जर्जर है कि लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। जगह-जगह गड्ढे और क्षतिग्रस्त मार्ग स्थानीय नागरिकों के लिए बड़ी परेशानी बने हुए हैं। हालांकि लोगों द्वारा कई बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

वार्ड में सबसे बड़ी समस्या जल निकासी की है। उचित नाली व्यवस्था न होने के कारण घरों का गंदा पानी सडक़ों पर बहता रहता है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। मोहल्ले की नालियां साफ-सफाई के अभाव में जाम पड़ी हैं, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार जहांगीरगंज से माधवनगर स्थित साप्ताहिक सब्जी मंडी तक जाने वाला संपर्क मार्ग बेहद खराब हालत में है। खासकर पवन यादव के घर से लेकर सब्जी मंडी तक का रास्ता अत्यधिक दयनीय है। बरसात के समय जलभराव से बचने के लिए लोगों ने खुद ही गड्ढों को ईंटों से पाट दिया था, लेकिन आज तक कोई स्थायी मरम्मत नहीं कराई गई। मोहल्ले में प्रस्तावित नालियों का निर्माण भी अधूरा पड़ा हुआ है। वहीद के घर से राजेश गौड़ के घर तक और डॉ. हाफिज के घर से अनवर के घर तक नाली निर्माण अभी तक शुरू नहीं हो सका है। इससे जल निकासी की समस्या और गंभीर बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वह कई बार अपनी समस्याएं लेकर जिम्मेदार अधिकारियों के पास पहुंचे, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला, समाधान नहीं।




मोहल्ला सिंहपुर माधवनगर में सडक़ पर भरा गन्दा पानी एवं बदहाल पड़ी सडक़।

● वार्ड में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति खराब

**ईओ बोले**

इस संबंध में अधिशासी अधिकारी उमेश पासी ने कहा है कि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान जल्द कराया जाएगा। हालांकि अब देखना यह है कि यह आश्वासन कब तक धरातल पर उतरता है।

## जलालपुर सीएचसी में शुरू हुई सिजेरियन सुविधा, लोगों में खुशी

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी नगपुर जलालपुर में अब सिजेरियन सी-सेक्शन की सुविधा शुरू हो गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल के निर्देशन में अधीक्षक एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण कुमार बादल के नेतृत्व में जाफराबाद निवासी चंद्रकला मौर्य का सफल सिजेरियन ऑपरेशन किया गया। इस सफल ऑपरेशन में एनेस्थेटिक विशेषज्ञ के रूप में डॉ. वेद प्रकाश, प्रसूति रोग विशेषज्ञ के रूप में डॉ. नायला आफरीन, फार्मासिस्ट गुलाब गौतम, सुरेंद्र कुमार शर्मा, शमीम अहमद, वार्ड बॉय रिंका, ओटी टेक्नीशियन किरण तथा स्टाफ नर्स सहित पूरी टीम मौजूद रही। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ. प्रवीण कुमार बादल ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप अब गरीब और जरूरतमंद मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सीएचसी नगपुर जलालपुर में सिजेरियन सेवा शुरू होने से क्षेत्र की महिलाओं को अब जिला अस्पताल या अन्य दूरस्थ केंद्रों पर नहीं जाना पड़ेगा।

## मयंक मौर्य सेल टैक्स ऑफिसर के पद पर चयनित

**न्यौरी, अंबेडकरनगर।**



उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल कर सेल टैक्स ऑफिसर के पद पर चयनित होने के बाद मयंक मौर्य के प्रथम गृह आगमन पर जिले से लेकर उनके पैतृक गांव तक भव्य स्वागत किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आलापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा अमड़ी गोविंद साहब निवासी मयंक मौर्य के स्वागत में न्यौरी मुख्य चौक पर सदस्य जिला पंचायत अश्वनी यादव, अवनीश सिंह, ग्राम प्रधान अमड़ी सुनील यादव और रमेश मौर्य के संयुक्त नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। मयंक मौर्य ने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा अवध चिल्ड्रन एकेडमी, तिघरा दाउदपुर से तथा हाई स्कूल की शिक्षा महात्मा गोविंद साहब इंटर कॉलेज, दुल्हुपुर से पूरी हुई। इसके बाद उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई की। दिल्ली में कई वर्षों तक कठिन परिश्रम और लगन से तैयारी करने के बाद उन्होंने पीसीएस परीक्षा में सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर ठाकुर प्रसाद पांडे, बाबा गोविंद साहब वंशज पंडित ज्ञानधर द्विवेदी, अवनीश सिंह, ग्राम प्रधान सुनील यादव, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि बलराम गौतम, रणविजय मौर्य, रमेश मौर्य, घनश्याम यादव, युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष अनीस मसूदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. आसिम अबूजर फारुकी, जितेंद्र सिंह, अनिल यादव, समाजसेवी नीरज मौर्य, एडवोकेट सुनील यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## साइकिल यात्रा पर निकले सपाईयों का स्वागत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** समाजवादी विचारधारा और संविधान के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से टांडा विधानसभा क्षेत्र से साइकिल यात्रा पर निकले सपा नेता अजय यादव का जलालपुर में जोरदार स्वागत किया गया। वह आगामी 5 अप्रैल को जनपद जौनपुर में आयोजित समाजवादी कुटिया के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए यात्रा पर हैं। बता दें कि जलालपुर विधानसभा स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने अजय यादव का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और यात्रा के उद्देश्य को लेकर चर्चा भी की गई। अजय यादव ने बताया कि उनकी यह साइकिल यात्रा संविधान की मूल भावना को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों को जागरूक करने के लिए निकाली गई है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय सपा कार्यकर्ताओं ने भी आगामी चुनाव को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई और पार्टी नेतृत्व के निर्देशों का पालन करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया।



मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को उनके हक के बारे में जानकारी देतीं महिला पुलिसकर्मी।

## महिलाओं को उनके हक के बारे में दी जानकारी

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बुधवार को थाना सम्मनपुर क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में महिला उपनिरीक्षक अलका श्रीवास्तव की टीम ने सिकंदरपुर और बड़ेपुर बाजार में महिलाओं और छात्राओं से संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्हें उनके अधिकारों और सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम में महिलाओं को सतर्क और जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। उपनिरीक्षक अलका श्रीवास्तव ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास विकसित करना है, ताकि वह बिना किसी भय के अपने अधिकारों का प्रयोग कर सकें। उन्होंने महिलाओं से अपील किया कि किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीडऩ की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें, जिससे समय पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## सरयू के कटान की समस्या से निपटने को 20 करोड़ की परियोजना स्वीकृत

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** जनपद में सरयू नदी से होने वाली बाढ़ और कटान की समस्या से निपटने के लिए 20 करोड़ 19 लाख रुपये की पांच परियोजनाओं को वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। इन परियोजनाओं को एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय के प्रस्ताव पर मंजूरी दी गई है। इनका क्रियान्वयन बाढ़ कार्य खंड अयोध्या द्वारा किया जाएगा।

इन परियोजनाओं के तहत सरयू नदी के दाहिने तट पर जियोबैग स्लोप पिचिंग और परक्यूपाइन स्क्रीन लगाए जाएंगे। इन तकनीकों का मुख्य उद्देश्य नदी के कटान को रोकना और बाढ़ के दौरान आसपास के गांवों को सुरक्षित रखना है। स्वीकृत परियोजनाओं में टांडा के आसोपुर छज्जापुर राजघाट क्षेत्र के लिए 3 करोड़ 78 लाख 86 हजार रुपए की परियोजना शामिल है। नौराहने रामपुर और खिदाई गनेशपुर ग्राम समूह के लिए 4 करोड़ 32 लाख 79 लाख रुपए की योजना लागू की जाएगी। आलापुर तहसील के गोवर्धनपुर राधाकृष्ण मंदिर और सराय नेल्कंथ क्षेत्र में 3 करोड़ 98 लाख 59 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। बंगालपुर और बसंतपुर गांवों के लिए 3 करोड़ 57 लाख 89 हजार रुपए की परियोजना स्वीकृत हुई है। माझा कम्हरिया और आराजीदेवारा क्षेत्र में 4 करोड़ 50 लाख 58 हजार रुपए की लागत से परक्यूपाइन स्क्रीन लगाने का कार्य होगा।



कन्या सीनियर बेसिक विद्यालय जलालपुर में प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित छात्राएं।

## अव्वल स्थान पाने वाली छात्राओं को किया सम्मानित

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कन्या सीनियर बेसिक विद्यालय जलालपुर में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं नवीन शैक्षिक सत्र का शुभारंभ के अन्तर्गत नव प्रवेशी छात्राओं का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विद्यालय प्रबन्ध समिति उपाध्यक्ष मोहम्मद खोबैब, अभिभावक संघ के अध्यक्ष मिनहाज अहमद और माता समूह की अध्यक्ष सेरातुन्निसा उपस्थित रहीं। साथ ही इकबाल अशरफ एवं दिल्ली से पधारे कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर विशेषज्ञ अयाज अहमद अंसारी भी मौजूद रहे। मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल, शील्ड और लेखन शस्त्र द्वारा सम्मानित किया गया। कक्षा 6 में प्रथम स्थान पर तसमिया फातमा, दूसरे स्थान पर असरा मरियम, तृतीय स्थान पर मस्तूर फातमा, उजमा खातून और अरीबा खातून सम्मानित हुईं। कक्षा 7 में प्रथम स्थान पर जिकरा एरम, दूसरे स्थान पर युसरा हबीब, तृतीय स्थान पर जीनत फातमा, इकरा और शालिनी को सम्मानित किया गया।

## छात्राओं को दी गई भावभीनी विदाई

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** बुधवार को न्यू लाइट ऐकेडमी सिकंदरपुर में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के सम्मान में भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का माहौल भावनाओं से ओतप्रोत रहा, जहां जूनियर और सीनियर विद्यार्थियों के बीच गहरा आत्मीय संबंध देखने को मिला। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों को बीते सुनहरे पलों की याद में उपहार भेंट कर उनके प्रति अपना स्नेह और सम्मान प्रकट किया। वहीं कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने भी अपने गुरुजनों को स्मृति चिन्ह देकर उनके मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक दिनेश प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य उर्मिला सिंह एवं अन्य शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम, अनुशासन और सरलता को मूल मंत्र बताया। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे बढऩे के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। गीत, नृत्य और अन्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया और समारोह को यादगार बना दिया। अंत में सभी ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



## जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक 5 को

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के आयोजन की तैयारियों को लेकर एक आवश्यक बैठक आगामी 5 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। यह बैठक दोपहर 12 बजे सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शास्त्री नगर अकबरपुर में संपन्न होगी। बैठक में ब्राह्मण महासभा परशुराम सेना महिला सभा सहित संगठन के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तथा जिम्मेदारियों का निर्धारण किया जाएगा। संगठन के जिलाध्यक्ष पं. राजेश कुमार त्रिपाठी ने सभी पदाधिकारियों से समय से उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।



**घरेलू और व्यवसायिक गैस की सुचारु आपूर्ति जारी, छोटू सिलेंडर और पीएनजी सुविधा भी उपलब्ध**

# पीएनजी कनेक्शन के लिए आगे आएं उपभोक्ता

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी शिवाकांत पांडेय ने बताया कि मार्च माह में जनपद में कुल 2 लाख 27 हजार 280 गैस सिलेंडर के रिफिल की बुकिंग की गई, उपभोक्ताओं द्वारा बुकिंग के सापेक्ष 14.2 किग्रा के घरेलू गैस सिलेंडरों की 1 लाख 95 हजार 082 की होम डिलीवरी कराई गई। 19 किग्रा कामर्शियल गैस सिलेंडरो की 2 हजार 709 रिफिल विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर होम डिलीवरी कराई गई। वहीं 05 किग्रा के छोटू गैस सिलेंडर 1 हजार 498 की बिक्री की गई है।

जनपद के विभिन्न एजेन्सियों पर कुल 10 हजार 626 गैस सिलेंडर की रिफिल उपलब्ध है। जनपद के उपभोक्ता अपने सम्बन्धित गैस एजेन्सी से शहरी क्षेत्र में प्रथम रिफिल के 25 दिनों के पश्चात तथा ग्रामीण क्षेत्रों 45 दिनो के पश्चात बुकिंग कराकर डीएसी प्राप्त होने के उपरान्त होम डिलीवरी के माध्यम से गैस की रिफिल प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान में जनपद में कामर्शिलय छोटे गैस सिलेण्डर 05 किग्रा की उपलब्धता लगभग 800 की है, जो जनपद की विभिन्न गैस एजेन्सियों पर उपलब्ध है। छोटे व्यापारी, ठेले, रेढ़ी वाले एवं अन्य व्यावसायिक प्रयोग के लिए उपभोक्ता अपनी आईडी दिखाकर सम्बन्धित गैस से उचित मूल्य पर 05 किग्रा कामर्शियल छोटू सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं। नगर पालिका परिषद अकबरपुर के उपभोक्ता जो पीएनजी कनेक्शन लेने के लिए इच्छुक हैं वह टोरेंट गैस के अधिकारी रूपेश कुमार 9919659781 है से सम्पर्क स्थापित कर पीएनजी गैस का कनेक्शन प्राप्त कर सकते हैं। नगर पालिका अकबरपुर के निम्न वार्डो रसूलाबाद, मीरानपुर, गोविन्द गनेशपुर, इन्द्रलोक कालोनी, कृष्णानगर, मिर्जापुर, फायर स्टेशन के सामने पांडेय कालोनी एवं संघतिया शिक्षक कालोनी में पाइप लाइन के माध्यम से टोरेंट कम्पनी द्वारा पीएनजी गैस की सप्लाई सीधे रसोई घर तक कराई जा रही है।

## भूसा दान करने वाले किसानों को गेहूं खरीद में दें प्राथमिकता : जिलाधिकारी

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने गेहूं खरीद में ऐसे किसानों की खरीद प्राथमिकता पर करने का निर्देश दिया है, जिन्होंने अपने आसपास की गोशाला में भूसा दान किया है। सभी गेहूं क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि पंचायत सचिव स्तर से जारी सम्बन्धित किसानों को भूसा दान किए जाने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर सम्बन्धित किसानों के गेहूं को प्राथमिकता, बिना किसी प्रतीक्षा के क्रय केंद्रों पर खरीदा जाएगा। गोशाला पर भूसा दान दिए जाने का प्रमाण पत्र पंचायत सचिव द्वारा जारी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त किसानो से अनुरोध किया है कि अपने गांव के निकट सचालित गोशाला में भूसा दान कर पंचायत सचिव से इस आशय का प्रमाण पत्र लेकर गेहूं क्रय केंद्रों पर अपना गहूं बिना किसी प्रतीक्षा सूची के तत्काल बेंचे। जनपद में गेहूं खरीद वर्ष 2026-27 में कुल छह एजेंसी के 73 क्रय केंद्र संचालित किए जा रहे है, जिन पर गेहूं खरीद का कार्य शुरू हो गया है।



अनुपम शुक्ला
जिलाधिकारी

## अवैध वसूली को लेकर हंगामा

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।** नगर पंचायत जहांगीरगंज में शुक्रवार को टैक्सी स्टैंड के नाम पर हो रही कथित अवैध वसूली को लेकर घंटों तक हंगामा और बवाल की स्थिति बनी रही। वसूली कर रहे ठेकेदार के कर्मचारियों और वाहन चालकों व व्यापारियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। मामले की जानकारी मिलने पर स्थानीय भाजपा नेताओं और सभासदों ने उच्चाधिकारियों से शिकायत की। निर्देश मिलने पर मौके पर पहुंचे अधिशासी अधिकारी उमेश पासी ने आक्रोशित वाहन चालकों और व्यापारियों को समझाकर शांत कराया। साथ ही वसूली में लगे ठेकेदार के कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए नियमों के अनुसार ही शुल्क वसूलने का निर्देश दिया। बताया जाता है कि नगर पंचायत जहांगीरगंज में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए टैक्सी स्टैंड वसूली का ठेका दिया गया है, जिसकी वसूली 1 अप्रैल से शुरू होनी थी। नियमानुसार केवल सवारी वाहनों से ही टैक्स वसूला जाना है, लेकिन आरोप है कि ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा मालवाहक और निजी वाहनों से भी अवैध वसूली की जा रही थी।

# अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें


## सूचना

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र रोल नंबर 2115237 वर्ष 2017 यूपी बोर्ड जीआईसी उर्रा बाजार वास्तव में खो गया है। **अनीता यादव पुत्री राम फल यादव ग्राम राजपुर कतर्निया थाना मोतीपुर, बहराइच।**

## सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम AMIT KUMAR था से बदलकर AMIT KUMAR GUPTA रख लिया है। अब मुझे AMIT KUMAR GUPTA के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0- MAHESHWAR GUPTA ADD- SIKTA PS-KUBER STHAN DIST-KUSHINAGAR-274303 (U.P.)

## सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 2385308 तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2020 अनुक्रमांक 2277297 का प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **मो. दानिश पुत्र मो. असफाक नई बाजार बैरागी पुरवा तुलसीपुर–बलरामपुर**

## सूचना

मैं **सैयद आजाद अली सुत स्व0 सैयद अफजल हुसैन निवासी ब्रम्हजीतपुर थाना बंधुआकला जनपद सुलतानपुर**, मेरे तीन पुत्र है जिनका नाम परवेज अली, आबेश अली तथा रियान अली, मेरा पुत्र आबेश अली नशे की हालत में उल्टी सीधी हरकते करता रहता है और देर रात को घर पर आता है। मैं मना करता हूँ तो जान से मारने की धमकी देता है। अपने पुत्र आबेश की आदत से परेशान होकर उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से दिनांक–23.01.2026 को बेदखल कर दिया है। ।मेरे न रहने पर मेरी चल अचल सम्पत्ति में मेरी पत्नी व बड़ा लड़का परवेज अली, रियान अली का हक अधिकार रहेगा और चल अचल सम्पत्ति से सम्बन्धित पुत्र का विधिक कानूनी अधिकार होंगे।






## कार्यालय :ग्राम पंचायत हिसामुद्दीनपुर , वि.खं. कोयलसा–आजमगढ़

पत्रांक : मेमो/निविदा सूचना/2026–27 दिनांक : 02.04.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

